## स्पीड न्यूज

### डॉ अभिषेक के निधन पर सांसद ने जताया शोक



**मेदिनीनगर।** पलामू सांसद विष्णु दयाल राम ने गढ़वा एवं डालटनगंज में आरोग्य फार्मेसी के संचालक और चिनियां में कार्यरत फार्मासिस्ट व्यंकटेश नारायण के सुपुत्र और मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल में सेवारत युवा डॉ अभिषेक चंचल की सड़क दुर्घटना में मौत की सूचना से मर्माहत हैं। इस दु:ख की घड़ी में उन्होंने ईश्वर से पीड़ित परिवार के सदस्यों को धैर्य एवं साहस प्रदान करने तथा संवेदना व्यक्त की है।

### पांडू का विक्षिप्त मंगरधारा डैम में मिला



**हुसैनाबाद पलामू।** हैदरनगर थाना क्षेत्र के मंगरधारा डैम के पास एक वृद्ध विक्षिप्त कई दिनों से बेसुध पड़ा था। ग्रामीणों की मदद से प्रशासन को सूचित कर उक्त व्यक्ति अनुमंडलीय अस्पताल हुसैनाबाद में ईलाज हेतु भेजा गया। जहां से उसके फोटो पहचान हेतु व्हाट्सएप से प्रसारित किया गया, जिसके बाद उसके परिजन पहचान कर अस्पताल पहुंचे। परिजनों ने बताया कि वह व्यक्ति पांडू थाना क्षेत्र के कजरु निवासी स्व महरुल रसूल मोहम्मद के पुत्र नूर आलम (40) है। वह 13 मई से घर से लापता था।

### विष्णु मंदिर के प्रथम वार्षिकोत्सव के पूर्व निकाली गयी भव्य कलशयात्रा



**विश्रामपुर पलामू।** प्रखंड क्षेत्र के तोलरा स्थित बिष्णु मंदिर में वार्षिकोत्सव कार्यक्रम को लेकर गुरुवार को श्रद्धालुओं ने कलशयात्रा निकाली, जिसमें सैकड़ों महिला पुरुष भाग लिये। जय श्रीराम जय श्री विष्णु के उद्घोष के साथ हाथ में कलश नारियल लिए भक्तगण गांव स्थित शोखा बाबा का आशीर्वाद लेकर कोयल व तहले नदी के संगम से जल भरकर वैदिक मंत्रोच्चारण से जल संकल्प कर विष्णु मंदिर के गर्भगृह में रखा गया। मुख्य यजमान तोलरा के युवा समाजसेवी बिपीन तिवारी सपत्नीक ने विधि विधान से पूजा कर बड़ा कलश में जल भरकर लाये। बिष्णु मंदिर संचालन कमेटी के अध्यक्ष सच्चिदानंद तिवारी, संरक्षक बीरेंद्र तिवारी, सचिव गोखुल तिवारी ने बताया वार्षिकोत्सव एवं जय विजय की प्रति मूर्ति 25 मई को स्थापित की जायेगी, तबतक पूजा-पाठ मंदिर में प्रतिदिन चलेगा। 25 मई को संध्या भंडारा एवं सम्मान समारोह होना है। मौके पर सुमंत तिवारी, संजय तिवारी, धनंजय तिवारी, रविंद्र तिवारी, अरुण त्रिवेदी, कौशल तिवारी, कमल तिवारी, सिद्धनाथ तिवारी, अगस्त तिवारी, मुकेश तिवारी, राजेश तिवारी, आलोक तिवारी, उपेंद्र तिवारी उपस्थित थे।

### दुमका के साथ झारखंडियों के दिलों में दुर्गा सोरेन के प्रति सम्मान : अविनाश



**मेदिनीनगर।** भाजपा के प्रदेश कार्य समिति सदस्य सह दुमका लोकसभा के दुमका विस प्रभारी अविनाश वर्मा ने लोकसभा प्रत्याशी सीता सोरेन के आवासीय चुनावी कार्यालय में स्व दुर्गा सोरेन की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पण कर नमन किया। श्री वर्मा ने कहा कि दुमका वासियों के साथ संपूर्ण झारखंड वासियों के दिलों में आज भी उनके प्रति प्यार और सम्मान है जो उनके लोकप्रियता का परिचायक है। कार्यक्रम में सदर मंडल अध्यक्ष सुधीर पाल और आकाश वर्मा शामिल थे।

### तेज रफ्तार से अनियंत्रित होकर पलटा पिकअप, आधा दर्जन यात्री जख्मी



**रामगढ़ पलामू।** रामगढ़-चैनपुर मुख्य मार्ग पर एक पिकअप सवारी गाड़ी तेज रफ्तार से अनियंत्रित होकर पलट गयी, जिससे उसमें सवार आधा दर्जन से अधिक लोग जख्मी हो गये। इनमें से राजनाथ भुइयां को एमआरएमसीएच मेदिनीनगर रेफर किया गया है। राजनाथ के अलावा पिकअप में महिला, बच्चे और अन्य लोग सवार थे। उन्हें भी हल्की चोट आयी है। सभी सवार इस घटना में बाल-बाल बच गये। बुधवार दोपहर बाद रामगढ़ की ओर से एक पिकअप सवारी गाड़ी सात यात्रियों को लेकर चैनपुर की ओर आ रही थी। गाड़ी की स्पीड ज्यादा थी। अचानक नियंत्रण हटने से गाड़ी सड़क किनारे पिकअप पलटी खा गयी। सूचना मिलने के बाद पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है।

### महुगांवा में विहंगम योग का विशेष सत्संग गोष्ठी और हवन यज्ञ संपन्न



**चैनपुर पलामू।** प्रखंड के महुगांवा में विहंगम योग का विशेष सत्संग गोष्ठी एवं एकल कुंडीय हवन यज्ञ संपन्न हुआ। वैशाख पूर्णिमा एवं शादी के सालगिरह पर रामाशंकर चौरसिया ने कार्यक्रम कराया। सदगुरुदेव की पूजा अर्चना के बाद हवन यज्ञ शुरू हुआ। आश्रम के विद्यार्थी प्रदीप कुमार ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हवन यज्ञ संपन्न कराया। उन्होंने हवन यज्ञ की महिमा एवं इससे होने वाले लाभ के बारे में विस्तार से बताया। यजमान रामाशंकर चौरसिया, पत्नी क्रांति देवी, देवंती देवी, पुत्र सिद्धार्थ चौरसिया सक्रिय थे। विशेष सत्संग गोष्ठी में प्रचारक जनेश्वर सिंह, प्रदीप कुमार, दशरथ पासवान, मनोज ठाकुर, राजेश प्रसाद, रामेश्वर सिंह, देवराज शर्मा, रघुनाथ प्रसाद, सुदर्शन प्रसाद भी शामिल थे।

### श्रीश्री आनंदमूर्ति जी का जन्मोत्सव मना

**मेदिनीनगर।** आनंदमार्ग जागृति नया मुहल्ला में आनंद मार्ग के संस्थापक श्रीश्री आनंदमूर्ति जी का 103वां जन्मदिन आनंद पूर्णिमा उत्सव गुरुवार को धूमधाम से मनाया गया। वरिष्ठ आनंदमार्गी बैजनाथ ने बताया कि आनंदमार्ग के संस्थापक प्रभात रंजन सरकार का जन्म 1921 की बुद्धपूर्णिमा के दिन हुआ था।

---

प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने किया द टेस्टी गैलरी का उद्घाटन, कहा

# नित नयी ऊंचाइयां छू रहा शहर

खबर मन्त्र संवाददाता



**मेदिनीनगर।** प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने इंजीनियरिंग कॉलेज के समीप लजीज खाने का प्रतिष्ठान द टेस्टी गैलरी का उद्घाटन किया। मौके पर मनोज सिंह, पूर्व उप महापौर मंगल सिंह, जिला पार्षद आशा देवी, प्रमोद सिंह, सुनील गुप्ता, मुमताज खान, सीताराम पाठक, आशीष भारद्वाज, प्रधान सक्सेना, मुखिया गुड्डी देवी, अनिकेत मेहता, मंदिर नवल सिंह, अनूप सिंह, अमित पाठक, किशोर पांडे एवं काफी संख्या में गणमान्य लोग उपस्थित थे। प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने कहा कि मेदिनीनगर शहर के युवा नित नये-नये प्रतिष्ठान खोल रहे हैं, जिससे शहर की कमियां तो दूर हो ही रही है। वहीं कई रोजगार के अवसर भी पैदा हो रहे हैं। प्रथम महापौर ने कहा कि मुझे खुशी है कि बच्चे अपनी जवाबदेही समझने लगे हैं और व्यवसाय के क्षेत्र में काफी आगे आ रहे हैं। उन्होंने सभी युवाओं शुभकामनाएं दी। प्रतिष्ठान के निर्देशक सुमित पाठक ने सबको बुके देकर स्वागत किया। उन्होंने कहा कि इंजीनियरिंग कॉलेज में बाहर के काफी बच्चे पढ़ते हैं, पर उन्हें अच्छे व्यंजन की सुविधा नहीं मिलती थी। इसी को ध्यान में रखकर यह प्रतिष्ठान खोला है। कहा कि मेरी कोशिश रहेगी कि लजीज व्यंजन के क्वालिटी में इतना ध्यान रखा जायेगा कि शहर से भी लोग मेरे यहां खाने आयें।

# पर्यावरणविद कौशल किशोर ने पौधा दान कर किया कलश यात्रा का शुभारंभ

- जल के बिना सुनहरे कल की कल्पना नहीं की जा सकती : कौशल
- जल संग्रह का सीख देता है जल यात्रा, जल से ही जीवन के हर कार्यों का होता है निष्पादन : पर्यावरण धर्मगुरु कौशल किशोर

खबर मन्त्र संवाददाता

**छतरपुर पलामू।** जिले के छतरपुर अनुमंडल के मुनकेरी पंचायत के मनहु देवी मंदिर में विश्वव्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पर्यावरण धर्मगुरु व वन राखी मूवमेंट के प्रणेता पर्यावरणविद कौशल किशोर जायसवाल ने कलश यात्रियों के बीच पर्यावरण धर्म के प्रार्थना के संकल्प के साथ थाईलैंड प्रजाति के बारहमासी आम का पौधा दान किया।



**खास बातें :** उन्होंने कलश यात्रियों को पर्यावरण धर्म के आठ मूल ज्ञान मंत्रों की शपथ दिलायी। कहा कि जल यात्रा का उद्देश्य तभी सफल होगा, जब लोग अपने धर्म के साथ पर्यावरण धर्म के आठ मूल ज्ञान मंत्रों के तहत पौधा लगाकर उसे बच्चों की तरह बचाने का संकल्प लेंगे। कहा कि अगर ऐसा नहीं हुआ तो जल के लिए तीसरा विश्व युद्ध को कोई टाल नहीं सकता। वनों की कटाई के दुष्परिणाम से एक नयी घटना जलवायु परिवर्तन हुआ। इससे पूरी दुनिया में तापमान तेजी से बड़ा और जिससे ग्लेशियर पिघलने लगा। यदि स्वयं और आने वाली पीढ़ी को तीसरा विश्व युद्ध के संकट से बचाना है तो दुनिया के तमाम उम्र के लोगों को अपने धर्म के साथ पर्यावरण धर्म के आठ मूल ज्ञान मंत्रों के तहत एक-एक पौधा लगाकर उसे बच्चों की तरह नहीं बचाये तो एक दिन ऐसा आयेगा कि डायनासोर की तरह मानव की जीवन लीला भी खत्म हो जायेगी। जल यात्रा में आचार्य रामचंद्र पांडेय, सचिन पांडेय, बसंत विश्वकर्मा, प्रमोद यादव, सुभाष गुप्ता, रामप्रसाद व्यास, ग्राम पंचायत डाली बाजार के उप मुखिया अफजल अंसारी, उपेंद्र शाह, अरुण गुप्ता, उपेंद्र यादव, नरेंद्र सिंह, बालदेव गुप्ता, नागेंद्र यादव, रविंद्र यादव, गणेश यादव, कर्म देव यादव आदि भी थे।

# एनएच 98 की स्थिति ठीक नहीं हुई तो करेंगे आंदोलन : राजीव

खबर मन्त्र संवाददाता



प्रेस कांफ्रेंस कर सड़क को लेकर अल्टीमेटम देते राजीव रंजन व अन्य।

**हरिहरगंज पलामू।** शहरी क्षेत्र के एनएच 98 पर सड़क पर गड्ढे व उबड़-खाबड़ होने से आये दिन दुर्घटना हो रही है। खासकर पुराने व न्यू बस स्टैंड तथा शनि मंदिर के समीप सड़क अधिक खराब है। इसे लेकर गुरुवार को भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष सह युवा समाजसेवी राजीव रंजन ने नयन होटल में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा कि उबड़-खाबड़ सड़क में गढ़ा होने से अब तक एक दर्जन से अधिक लोग घायल हो गये हैं।

मालूम हो कि अत्यधिक गर्मी पड़ने से शहरी क्षेत्र में एनएच 98 पर तारकोल पिघलकर जगह-जगह इकट्ठा हो गया है। जिससे सड़क उबड़-खाबड़ हो गयी है। आने जाने वाले वाहन चालक अचानक उबड़-खाबड़ रास्ते पर नियंत्रण नहीं रख पाते हैं। जिससे लगातार दुर्घटना हो रही है। उन्होंने जल्द सड़क को ठीक करने की मांग की है। 10 जून तक सड़क को समतल नहीं कराया जाता है, तो आंदोलन किया जायेगा। साथ ही भारी वाहनों का परिचालन रोका जायेगा। मौके पर राजेश रंजन मिश्रा, मनोज मेहता, दिनेश स्वर्णकार, विजय प्रजापति, दिनेश पासवान, अजीत कुमार आदि उपस्थित थे।

# बुद्ध पूर्णिमा और आनंदमार्ग के गुरु श्रीश्री आनंदमूर्ति जी का जन्मोत्सव मनाया गया

खबर मन्त्र संवाददाता



आनंदमूर्ति जी का जन्मोत्सव मनाते आनंदमार्गी।

**सतबरवा पलामू।** बैसाख पूर्णिमा के अवसर पर आनन्दमार्ग आवासीय उच्च विद्यालय पोंची के प्रांगण में धूमधाम से बुद्ध पूर्णिमा तथा आनन्दमार्ग के गुरु श्रीश्री आनन्दमूर्ति जी का जन्मोत्सव मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत प्रातः कालीन वंदना, शंखध्वनि, बाजे गाजे, जयघोष तथा आनंद वाणी पाठ से हुआ। मौके पर आनन्दमार्ग आवासीय उच्च विद्यालय के संस्थापक रामलखन सिंह ने महात्मा बुद्ध के प्रतिकृति पर पुष्प अर्पित किया। श्रीश्री आनंदमूर्ति द्वारा प्रदत आनंदवाणी का व्याख्या करते हुए कहा कि आज ही के दिन वर्ष 1921 ई में आनंदमार्ग के गुरु श्रीश्री आनंदमूर्ति जी और महात्मा बुद्ध का जन्म हुआ था। दोनों ने ही पीड़ित मानवता को आनन्द का राह दिखाने का काम किया। ढोंग, आडंबर, अंधविश्वास, जात-पात, ऊंच-नीच आदि का भेद मिटाने के लिए समाज को नयी दिशा प्रदान किया। मौके पर आनंदमार्ग आवासीय उच्च विद्यालय पोंची सतबरवा पलामू झारखंड के बच्चों के बीच खेलकूद प्रतियोगिता, क्विज तथा भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। मौके पर उपभुक्ति प्रमुख हिरामन सिंह, मनोज कुमार, अमरेश, चांदनी चंद्रण, गणेश्वर सिंह, कृष्ण सिंह, राकेश, आशुतोष, पन्नालाल, महेंद्र, अनुराधा, चिंता, गोराभाई, रुद्रेश, सीताराम, तरुण, धर्मशीला, सुजाता, ममता, प्रियंका, होस्टल के बच्चे व सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

## सेवा भाव से चिकित्सा व्यवस्था देना पुण्य का कार्य : राजू मेहता

- जपला में आरएन हॉस्पिटल खुला, जिप सदस्य राजू मेहता ने फीता काटकर उद्घाटन किया

खबर मन्त्र संवाददाता



**हुसैनाबाद पलामू।** शहर के स्टेशन रोड में गुरुवार को आरएन हॉस्पिटल एंड ट्रामा सेंटर खोला गया। जिसका विधिवत उद्घाटन हुसैनाबाद उतरी क्षेत्र के जिप सदस्य राजू मेहता, झामुमो नेता वशिष्ठ कुमार सिंह उर्फ बबलू सिंह, हॉस्पिटल के संचालक डॉ दीपक कुमार ने फीता काटकर किया। जिप सदस्य राजू ने कहा कि आज के आधुनिक दौर में आम लोगों को सुलभ रूप से बेहतर चिकित्सा सेवा उपलब्ध कराना सराहनीय कार्य है। उन्होंने कहा कि आकस्मिक इलाज, ऑपरेशन थियेटर सहित अन्य तरह की सुविधायुक्त इस अस्पताल के खुलने से क्षेत्र के लोगों को काफी लाभ होगा। उन्होंने संचालक से हॉस्पिटल में सेवा भाव से कार्य करने एवं गरीब व जरूरत मन्द व्यक्तियों को सेवा भाव से कार्य करने का आग्रह किया, ताकि क्षेत्र गरीब व मजदूर आम जनता की सहूलियत मिले।

## टावर की आठ बैट्री के साथ दो चोर धराये एंबुलेंस के सहारे देते थे घटना को अंजाम

खबर मन्त्र संवाददाता



**चैनपुर पलामू।** थाना क्षेत्र के बसरिया में इंटरनेट टावर में लगे आठ बैट्री को अज्ञात चोरों ने 21 जून की रात चोरी कर लिया था। इस मामले में रिलायंस जियो कंपनी के तकनीशियन दीपक सिंह पिता सत्येंद्र सिंह द्वारा चैनपुर थाना में चोरी का मामला दर्ज कराया या था। इस मामले में पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेसन ने सदर अंचल के पुलिस निरीक्षक जीतराम महली के नेतृत्व में छापेमारी दल का गठन कर मामले का उद्भेदन करने का निर्देश दिया। इस मामले में चैनपुर पुलिस ने अनुसंधान के क्रम में पनेरी बांध से दो चोर को गिरफ्तार किया है। इस संबंध में पुलिस निरीक्षक श्री महली ने बताया कि तकनीकी शाखा एवं गुप्त सूचना के आधार पर सद्दाम पिता मो शफीक कुंड मुहल्ला शहर थाना निवासी एवं यूनूस पिता मोबीन ग्राम दक्षिणी भटवार कर्बला रोड थाना गुढ़ाना जिला मुजफ्फरपुर यूपी का रहनेवाला है। जो वर्तमान में शहर थाना क्षेत्र के पहाड़ी मुहल्ला गौसिया मुहल्ला में रहता था।

### पाटन : अधेड़ ने लगा ली फांसी, मौत



**पाटन, पलामू।** जिला के नावा जयपुर थाना अंतर्गत बुढ़ी गांव निवासी हरेंद्र सिंह (41) पिता- सुंदर सिंह ने सुबह के समय फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया है। जिसकी सूचना नावा जयपुर थाना प्रभारी कमल किशोर पांडे को मिली, इसके बाद थाना प्रभारी दल-बल के साथ घटनास्थल पहुंचे एवं घटनास्थल का जायजा लिया। वहीं फंदे से लटके शव को कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए एमएमसीएच मेदनीनगर भेज दिया। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है। पुलिस हर बिंदु पर जांच कर रही है।

### टंडवा के शिवनारायण की 33वीं पुण्यतिथि मनी



**पाटन पलामू।** सगुना मोड़ के पास टंडवा के शिव नारायण सिंह की 33वीं पुण्यतिथि मनायी गयी। मौके पर सुगना के पूर्व मुखिया अखिलेश पांडे, मुखिया अखिलेश पासवान, उप मुखिया विवेक सिंह, सगुना के पंसस मुस्तकीम अंसारी, कृष्णा पांडे, काशी सिंह, नॉलेज सिंह, वशिष्ठ नारायण सिंह, चंद्रदेव सिंह, श्यामदेव सिंह, झूला प्रजापति, अयोध्या सिंह, मल्हन मियां, शिव नारायण सिंह के प्रथम पुत्र विकास कुमार सिंह समेत कई लोग उपस्थित थे। वक्ताओं ने स्व सिंह के कार्यों पर प्रकाश डाला। कहा कि स्व सिंह सामाजिक, हंसमुख व मिलनसार व्यक्ति थे।

### अवैध बिजली जला रहे छह लोगों पर प्राथमिकी दर्ज

- छापामारी दल ने 2 लाख 26 हजार का जुर्माना भी वसूला

खबर मन्त्र संवाददाता

**हुसैनाबाद पलामू।** थाना क्षेत्र में झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड के। हुसैनाबाद अभियंता के नेतृत्व में गठित दल ने विशेष छापेमारी अभियान चलाया। जिसमें 6 लोग अवैध बिजली उपयोग करते हुए पाए गये। इनके विरुद्ध बिना बिजली कनेक्शन बिजली का उपयोग करने सरकार राजस्व को चूना लगाने समेत सुसंगीत धाराओं में 6 लोगों के खिलाफ हुसैनाबाद थाना में प्राथमिकी दर्ज कराया है। सभी 6 लोगों पर कुल 2 लाख 26 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया गया है। जिन लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गयी है, उनमें मुखदेव मिस्त्री, सोनू कुमार, संजय गुप्ता, संजू चंद्रवंशी, उपेंद्र प्रजापति व श्यामलाल प्रजापति शामिल हैं। सभी हुसैनाबाद थाना क्षेत्र के निवासी हैं। इस आशय की जानकारी अवर विद्युत प्रमंडल जपला के कनीय अभियंता प्रदीप कुमार सिंह ने दी।

### नाबालिग ने लगायी फांसी, मौत

**रामगढ़ पलामू।** जिले के रामगढ़ थाना क्षेत्र के सरजा गांव निवासी बुधन लोहार की पुत्री पूजा कुमारी उम्र 16 वर्ष बुधवार की दोपहर फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली। इस घटना के बारे में परिजनों ने बताया कि बुधवार की दोपहर मानसिक तनाव में आकर पूजा घर में फांसी लगा ली। जिसके कारण उसकी स्थिति गंभीर हो गयी। इसके बाद परिजनों के द्वारा उसे इलाज के लिए रामगढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां चिकित्सकों ने गंभीर स्थिति को देख उसे मेदनीनगर सदर अस्पताल रेफर कर दिया।

## ठाकुरबाड़ी में गायत्री परिवार ने कराया दीप यज्ञ



खबर मन्त्र संवाददाता

**नीलांबर पितांबरपुर पलामू।** प्रखंड के कोट ठाकुरबाड़ी मंदिर में शांतिकुंज हरिद्वार से आये हुए गायत्री परिवार के टोली द्वारा बुधवार की देर शाम एक दिवसीय दीप यज्ञ संपन्न कराया गया। यज्ञ के मुख्य यजमान संदीप सोंडिक सह पत्नी प्रतिमा गुप्ता रही। वहीं मंदिर के मुख्य पुजारी सुभाष चंद्र मिश्रा पुरोहित शामिल थे। इस धार्मिक आयोजन में अधिक संख्या में मातृ शक्ति की उपस्थिति रही।

### बुद्ध पूर्णिमा पर हनुमान मंदिर में अखंड कीर्तन



**मेदिनीनगर।** शहर के छह मुहान स्थित हनुमान मंदिर प्रांगण में बुद्ध पूर्णिमा पर 24 घंटे का अखंड श्री हरिकीर्तन किया गया। मौके पर भव्य भंडारा भी हुआ। गुरुवार को हनुमान मंदिर में पुजारी चुनचुन पाठक ने विधि विधान से विधिवत पूजा अर्चना की। इसके बाद बिहार के गया जिला से गुरूकृपा सकीर्तन मंडली ने 24 घंटे का हरे राम हरे कृष्णा के साथ अखंड कीर्तन प्रारंभ किया। इस कीर्तन में कीर्तन मंडली के साथ शहर के भक्तों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। पुजारी ने बताया कि अखंड कीर्तन में हरे राम हरे कृष्णा के जाप से वातावरण शुद्ध एवं गुंजायमान होता है। साथ ही रामभक्तों में उर्जा का संचार होता है। जाप करने से भगवान की कृपा भक्तों पर सदैव बनी रहती है। भंडारा में बने व्यंजनों की पूजा के बाद शुरुआत की। भंडारा में भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। मौके पर शंभु अग्रवाल, वार्ड पार्षद नवीन गुप्ता उर्फ लाल बाबू, सोनू पाठक, शत्रुघ्न अग्रवाल, पवन अग्रवाल, ओम अग्रवाल, आनंद डे, विकास चौरसिया ने भाग लिया।

# ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल की पूजा भारती प्रेरणा उत्सव के लिए चयनित

- नवोदय विद्यालय समिति के नेतृत्व में देश भर में हुई थी 22 अप्रैल को परीक्षा
- प्रेरणा स्कूल वडनगर गुजरात में प्रशिक्षण हेतु एक सप्ताह जायेंगे विद्यार्थी

खबर मन्त्र संवाददाता

**मेदिनीनगर।** भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय के निर्देशानुसार नवोदय विद्यालय समिति के नेतृत्व में देश भर में प्रेरणा उत्सव के आयोजन हेतु प्रतियोगिता परीक्षा का आयोजन किया गया है। देश के सभी जिलों से एक छात्र एवं छात्रा का अंतिम रूप से चयन कर प्रेरणा स्कूल वडनगर गुजरात में प्रशिक्षण हेतु एक सप्ताह के लिए भेजा जाना है ताकि देश भर में प्रेरणा उत्सव सफलता पूर्वक मनाया जा सके। इसी संदर्भ में ऑक्सफोर्ड स्कूल की पूजा भारती कक्षा बारहवीं अंतिम रूप से चयनित हुई जो पलामू जिला का नेतृत्व करेगी।

### विद्यालय के चेयरमैन और प्राचार्य ने दी बधाई



विदित हो कि प्रेरणा उत्सव 2024 प्रतियोगिता 22 अप्रैल 2024 को आयोजित की गयी थी। इसमें पलामू जिले के सभी विद्यालय से नौवीं व बारहवीं के एक छात्र एवं एक छात्रा को भाग लेने का अवसर दिया गया था। ऑक्सफोर्ड स्कूल की पूजा भारती पलामू जिले से चयनित होकर राष्ट्रीय स्तर पर विद्यालय का नाम रौशन किया है। विद्यालय के चेयरमैन डॉ एसबीपी मेहता एवं विद्यालय के प्राचार्य डॉ एके सिंह ने सफलता पर हर्ष व्यक्त करते हुए हार्दिक शुभकामना दीप्रेरणा स्कूल वडनगर गुजरात में प्रशिक्षण हेतु एक सप्ताह के लिए भेजा जाना। उन्होंने कहा कि विद्यालय गुणवत्ता पूर्ण एवं संस्कारयुक्त शिक्षा अनुशासन एवं बच्चो के सर्वांगीण विकास के लिए कटिबद्ध है। मात्र पांच वर्षों के अल्पावधि में ही विद्यालय सभी क्षेत्रों में अव्वल आकर अपना स्थान बना रही है।

# सड़क दुर्घटना में दवा व्यवसायियों की मौत पर शोक व्यक्त, दी गयी श्रद्धांजलि

- केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट फेडरेशन की बैठक आयोजित

खबर मन्त्र संवाददाता

**मेदिनीनगर।** केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट फेडरेशन की बैठक विद्या मेडिकल हॉल में आयोजित की गयी। बैठक की अध्यक्षता रमेश शुक्ला ने की। जबकि संचालन अमिताभ मिश्रा ने किया। बैठक में सर्वप्रथम हाल ही मेदिनीनगर के दवा जगत के प्रसिद्ध व्यवसायी कुमार मेडिकल एजेंसी के संचालक स्व सुनील कुमार एवं राज मेडिकल स्टोर के मालिक स्व विजय पाल, आरोग्य फार्मेसी के संचालक वेंकटेश के छोटे बेटे की बीते रात सड़क दुर्घटना में मौत पर शोक व्यक्त करते हुए दो मिनट का मौन रखकर नम आंखों से विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की गयी।



मृत आत्मा की शांति के लिए मौन रखते फेडरेशन के लोग।

**कार्यक्रम की खास बातें :** इसके पश्चात उपस्थित हुए सभी सदस्यों ने संगठन विस्तार करने हेतु जरूरी सुझाव भी दिया। प्राप्त सुझाव पर संगठन बहुत जल्द निर्णय लेगी। सदस्यों ने विचार विमर्श के दौरान यह बताया कि पलामू जिला औषधि प्रशासन अपने मनमानी एवं अलग-अलग तरीके से केमिस्टों का भयादोहन कर रहा है जिस पर लगाम लगाने की सख्त जरूरत है। क्योंकि क्षेत्र भ्रमण के दौरान केमिस्टों से लगातार भिन्न भिन्न तरह की शिकायतें सुनने को मिल रही है। इसपर संगठन इनके कार्य कलापों से क्षुब्ध हो कर औषधि प्रशासन के विरुद्ध एक जुट होकर विरोध प्रदर्शन करने का निर्णय लिया है। धन्यवाद ज्ञापन संघ के पूर्व अध्यक्ष संजय कुमार पाप्पू ने किया। बैठक में संघ के संरक्षक मृत्युंजय शर्मा, सतीश तिवारी, पुरुषोत्तम अग्रवाल, जितेंद्र कुमार, विपुल भूषण, रामाकांत पांडे, संतोष गुप्ता, संजय कुमार पप्पू, नवल किशोर शाही के अलावा अन्य सदस्य उपस्थित थे।

# अनुपमा व ढुल्लू की हार जीत पर अटकलबाजियों का बाजार गर्म

**अखिलेश कुमार सिंह**



**बोकारो।** धनबाद लोकसभा क्षेत्र के लिए होने वाले चुनाव में प्रचार अभियान के अंतिम क्षणों में चुनाव मैदान के लड़ाकों ने अपने विरोधियों को पटखनी देने की कोशिशें तेज कर दी हैं। एक दूसरे को कड़ी टक्कर दे रहे भाजपा और कांग्रेस उम्मीदवारों ने अपनी जीत को लेकर मतदाताओं को गोलबंद करने के प्रयासों में तेजी ला दी है। उधर चौक चौराहों से लेकर सरकारी और गैर सरकारी दफ्तरों में भी प्रत्याशियों की हार जीत को लेकर अटकलबाजी भी जोरों पर चल रही है। दरअसल, धनबाद लोकसभा सीट पर भाजपा के ढुल्लू महतो और कांग्रेस की अनुपमा सिंह के बीच मुख्य मुकाबला है। भाजपा के ढुल्लू महतो को मोदी और राम का सहारा है तो कांग्रेस की अनुपमा को इंडी गठबंधन में शामिल अपने सहयोगी झामुमो राजद और वामपंथी दलों के वोटरों के समर्थन सहित भाजपा प्रत्याशी के विरोध व उनकी व्याप्त छवि से भाजपा समर्थित मतदाताओं के मौन समर्थन की उम्मीद है। विगत संसदीय चुनाव की तरह इस बार न तो मोदी लहर का प्रभाव है और न ही भाजपा के केंद्र में सत्तासीन होने के प्रति अति विश्वास। ग्रामीण क्षेत्रों में जयराम महतो समर्थित प्रत्याशी की पैठ भी अनुपमा को लाभ पहुंचाती दिख रही है। हजारीबाग के पूर्व सांसद जयंत सिन्हा और धनबाद के विधायक राज सिन्हा को ऐन चुनाव के वक्त प्रदेश भाजपा के महामंत्री आदित्य साहू द्वारा नोटिस देकर उनसे स्पष्टीकरण मांगने को लेकर भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष ज्योतिरीश्वर सिंह ने सवाल खड़े किए हैं। ऐन चुनाव के वक्त सांसद और विधायक के खिलाफ कार्रवाई कहीं मोदी के मिशन और बाबूलाल मरांडी के नेतृत्व में भाजपा को असफल साबित करने की साजिश की पटकथा तो नहीं लिखी जा रही है? श्री सिंह ने अपने पत्र में कई अन्य सवाल भी खड़े किए हैं, जिसमें संगठन के अन्दर चल रही घमासान का जिक्र किया गया है। पार्टी के वरिष्ठ नेता और कार्यकताओं को चुनाव कार्य से किनारा कर दिए जाने से उनके बीच वैसे ही निराशा का भाव उत्पन्न हो गया था अब रही सही कसर आदित्य साहू ने पूरी कर दी है। ऐसी स्थिति में भाजपा प्रत्याशी को भीतरघात का खतरा झेलना पड़ सकता है। झारखंड बिहार में चर्चित कद्दावर नेता रहे बोकारो के पूर्व विधायक और राज्य सरकार के पूर्व मंत्री समरेश सिंह की छोटी पुत्रवधू श्वेता सिंह अपने पति किम्स के महामंत्री संग्राम सिंह के साथ अनुपमा सिंह के समर्थन में लगी हैं। उधर धनबाद झरिया में भी अनुपमा को सिंह मेंशन और रघुकुल का साथ मिल रहा है। ऐसी स्थिति में अनुपमा सिंह को वैसे मतदाताओं का भी साथ मिलने की उम्मीद है जो नहीं चाहते कि ढुल्लू महतो चुनाव जीतकर लोकसभा में धनबाद का प्रतिनिधित्व करें। बहरहाल अब चुनाव के दिन मतदाताओं का रुख किस करवट बदलता है यह आने वाला समय ही बताएगा। फिलहाल हार जीत को लेकर चर्चा का बाजार गर्म है।

# सीएम हेमंत बिस्वा ने ढुल्लू के समर्थन में की चुनावी सभा



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बोकारो।** भाजपा के धनबाद संसदीय क्षेत्र के उम्मीदवार ढुल्लू महतो के समर्थन में असम के मुख्यमंत्री हेमंत बिस्वा शर्मा ने चंदनकियारी में चुनावी सभा की। जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि भाजपा की जीत धनबाद में तय है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस और उनके साथी दलों को कोई बहुमत नहीं आने वाला है। हेमंत ने कहा कि इस बार मोदी सरकार बनने के बाद भारत विश्व गुरु बन जायेगा। भारत को तीसरी अर्थव्यवस्था बनाना मोदी जी का संकल्प है। असम के मुख्यमंत्री ने जनसभा के दौरान मीडिया से बातचीत में कांग्रेस और राहुल गांधी पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि राहुल को हिंदू प्रेमी होना पड़ेगा तभी हिंदू उन पर विश्वास करेंगे। उन्होंने विपक्ष द्वारा संविधान बदलने की बात पर कहा कि विपक्ष यह झूठा प्रचार कर रहा है। शर्मा ने कहा कि अब झामुमो नेता भी 'अस्सलाम वालेकुम' बोल रहे हैं। लेकिन हम बता देते हैं कि राजनीति करना है तो जय श्री राम कहना होगा। सभा के दौरान मंच पर भाजपा प्रत्याशी ढुल्लू महतो और नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी सहित नेता व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## एक नजर में

### अनुपमा भारी मतों से जितेगी : विजय कुमार



बोकारो। बोकारो जिला के पूर्व जिला उपाध्यक्ष व श्रमिक नेता विजय कुमार ने पुराने एवं वर्तमान राजनीतिक माहौल पर विस्तृत चर्चा करते हुए बताया कि वर्तमान सरकार के कार्यकाल में महंगाई बेरोजगारी पलायन चरम स्थिति पर पहुंच चुकी है। बोकारो में विस्थापितों की समस्या का अभी तक कोई समाधान नहीं निकल सका। सर्वप्रथम तो सामान्य आदमी को रोजी रोटी मकान चाहिए। भूखे पेट तो भजन भी संभव नहीं हैं। उद्योगों के बढ़ते जा रहे निजीकरण से बेरोजगारी चरम पर जा चुकी है। बेरोजगारी से तमाम अन्य समस्याओं का जन्म होता है। लोगों ने बिगत समय में सब कुछ भूलकर मोदी को समर्थन दिया परन्तु पुरे कार्यकाल में समुचित कदम नहीं उठाया जा सका। उन्हें खूबसूरती से जनता की भावनाओं को मत हेतु भुनाने की कला आती है। ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र के लोग भी आज अपने युवाओं के रोजगार को देख रहे हैं। चुनावी मौसम में बड़े नेताओं द्वारा देने वाले लुभावनी बहकावे में अब जनता आने वाले नहीं हैं। इस बार धनबाद संसदीय क्षेत्र से कांग्रेसी प्रत्याशी अनुपमा सिंह के प्रति जनता का अपार समर्थन मिलेगा और वे भारी मतों से विजयी होंगी।

### गोमिया विधायक लंबोदर महतो ने एनडीए प्रत्याशी चंद्रप्रकाश चौधरी के पक्ष में किया रोड शो



बोकारो/कसमार। गोमिया विधायक डॉ लंबोदर महतो ने गिरिडीह लोकसभा के एनडीए समर्थित आजसू प्रत्याशी चंद्रप्रकाश चौधरी के समर्थन में कसमार प्रखंड के बगदा के बाजारटांड़ से रोड शो शुरू हुआ जो बगदा महतो टोला खैराचातर गोरियाकुदर सिंहपुर के विभिन्न टोले-मोहल्ले तथा हरनाद होते हुए वापस सिंहपुर कॉलेज में जाकर संपन्न हुआ। इसमें पार्टी प्रत्याशी के समर्थन में आजसू व भाजपा कार्यकताओं के अलावा बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। सिंहपुर कॉलेज परिसर में समर्थकों व कार्यकताओं को संबोधित करते हुए डॉ लंबोदर ने कहा कि पूरे गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र में चंद्रप्रकाश चौधरी को अपार जनसमर्थन मिल रहा है। उन्होंने दावा किया कि श्री चौधरी सात लाख से अधिक वोट हासिल कर पिछले बार की तरह ही वोटों के बड़े अंतराल से ऐतिहासिक जीत दर्ज करेंगे क्योंकि देशहित में हर वर्ग के लोग फिर से नरेंद्र मोदी की सरकार बनाना चाहते हैं। डॉ लंबोदर ने कहा कि श्री चौधरी को मिल रहे अपार जनसमर्थन से उनके सभी प्रतिद्वंद्वियों के होश उड़े हुए हैं। केला छाप पर वोट देकर देश को मजबूत बनाने में योगदान दें। मौके पर जिप उपाध्यक्ष बबीता कुमारी विधायक की पत्नी कौशल्या देवी शशिशेखर अमरदीप महाराज प्रहलाद महतो सुजीत कुमार डॉ संजय सिंह राजेश पांडेय यदुनंदन जायसवाल अशोक सिंह तुलसीदास जायसवाल सुरेन्द्र महतो महेंद्रनाथ महतो उमेश महतो बबीता देवी घनश्याम महतो दिनेश गुप्ता मनोज महतो ईश्वर रजक संजय जायसवाल महानंद महतो राकेश साव जीतेश भट्टाचार्य संगीता कुमार, कुमार अनिवेश वीणा देवी मंजू देवी चांदमुख महतो अखिलेश महतो मृत्युंजय कपरदार अनीश जायसवाल आदि मौजूद थे।

### बेरमो : कस्तूरबा श्री विद्यानिकेतन ढोरी में कन्या भारती का गठन



बेरमो /स्थानीय कस्तूरबा श्री विद्यानिकेतन ढोरी में गुरुवार को प्रातः 10 :00 बजे प्रधानाचार्य रण सुमन सिंह की अध्यक्षता में बाल सभा कर कन्या भारती का गठन किया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ वंदना एवं दीप प्रज्वलन से स्थानीय विद्यालय के सचिव धीरज कुमार पांडे, संकुल संयोजक अमित कुमार सिंह, पंकज कुमार मिश्रा नें किया। इसमें प्रमुख रूप से कुमार गौरव, प्रदीप कुमार महतो, शैल बाला कुमारी, विभा सिंह, प्रीति प्रेरणा सिंह एवं अन्य उपस्थित थे। सर्वसम्मति से कन्या भारती की प्रधानमंत्री स्वति कुमारी, सेनापति अदिति मिश्रा, सह-सेनापति वीणा कुमारी के रूप में निर्वाचन हुआ। कन्या भारती की चयनित बहने विद्यालय संबंधी कार्य एवं गतिविधियों के संचालन में सहयोग करेंगे ऐसी अपेक्षा है। सचिव धीरज कुमार पांडे ने चयनित दायित्व वान बहनों को हार्दिक शुभकामनाएं दी। प्रधानाचार्य रणसुमन सिंह ने कन्या भारती के दायित्व को समझाते हुए कहा कि इन दायित्वों से विद्यालय की गतिविधि सुचारू रूप से चलती है। विद्यार्थियों को दायित्ववान बनाने से राष्ट्र की नई पीढ़ी में नेतृत्व क्षमता का विकास होता है। यहां बहनें सर्वगुण संपन्न हो एवं अध्ययन के पश्चात अपने कार्य क्षेत्र में सहयोग कर सकें इसलिए इन दायित्वों को दिया जाता है।

### सीपी चौधरी के पक्ष मतदान करने हेतु चंद्रपुरा प्रखंड में जनसंपर्क अभियान



बेरमो। गिरिडीह से एनडीए प्रत्याशी आजसू के चंद्र प्रकाश चौधरी के पक्ष में भारी से भारी संख्या में मतदान हेतु मंगलवार को चंद्रपुरा के युवा नेता प्रेम कुमार के नेतृत्व में चंद्रपुरा प्रखंड के चंद्रपुरा पंचायत समेत रांगमाटी पूर्वी, पश्चिमी, एवं दक्षिणी पंचायत के लोगों से डोर टू डोर जनसंपर्क कर केला छाप में अधिक से अधिक मतदान करने के लिए लोगों से अपील किया। और कहा की हमारे देश में 70 सालों तक लोगों को बेवकूफ बनाकर अपना बैंक बैलेंस बढ़ते रहे और लोगों को ठगने का काम किया जा रहा था। आज हमारे मोदी सरकार ने पूरे देश में विकास की गंगा बह रही है। रेल, रोड, हवाई सफर सुमित गरीबों को मुफ्त राशन आवास शौचालय गैस कपड़ा इलाज शिक्षा राधिका मुक्त सेवा दे रही है। जिससे पूरा बिपक्ष तिलमिला गया है। और सारे लुटेरे चोर उचक्के एक होकर मोदी जी का विरोध कर रहे हैं। अगर देश को इन चोर उच्चको लुटेरों से बचाना है तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को फिर से केंद्र पर लाना होगा। इस मौके पर प्रेम कुमार के सहयोगी हरि दर्शन कुमार,धनंजय यादव, सोनू दास, गौतम शर्मा, गुलाबो, प्यारेलाल पंडित, सौरभ शर्मा एवं अमित सिंह का सराहनीय योगदान रहा।

### गिरिडीह संसदीय क्षेत्र के मतदानकर्मियों का तीसरा रेंडमाइजेशन संपन्न

बोकारो। पुलिस अधीक्षक कार्यालय परिसर स्थित एनआइसी कक्ष में सामान्य प्रेक्षक 06 गिरिडीह संसदीय लोकसभा क्षेत्र के अरुण महेश बाबू एवं निवार्ची पदाधिकारी सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी विजया जाधव की उपस्थिति में मतदान कर्मियों का तीसरा रेंडमाइजेशन किया गया। रेंडमाइजेशन में पीठासीन पदाधिकारी पी वन पी टू एवं पी थ्री मतदान कर्मियों का नाम शामिल है। वहीं माइक्रो आब्जर्वरों का दूसरा रेंडमाइजेशन किया गया। रेंडमाइजेशन को भारत निर्वाचन आयोग एवं मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी झारखंड के दिशा निर्देश पर आयोग द्वारा अधिकृत सॉफ्टवेयर के माध्यम से किया गया। मौके पर कार्मिक कोषांग के वरीय पदाधिकारी संबंधित विधानसभा क्षेत्र के सहायक निवार्ची पदाधिकारी जिला सूचना विज्ञान पदाधिकारी आदि उपस्थित थे। उल्लेखनीय हो कि 25 मई को गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र में होने वाले मतदान में कुल 6860 मतदान कर्मियों को लगाया गया है। इसमें पीठासीन पदाधिकारी पी वन पी टू एवं पी थ्री मतदानकर्मी व रिजर्वकर्मी शामिल हैं। जिले के चारों विधानसभा क्षेत्र के लिए कुल 267 माइक्रो आब्जर्वरों को नियुक्त किया गया है।

## स्पीड न्यूज

### राष्ट्रीय लोक मोर्चा ने डॉ दुबे को समर्थन देने की घोषणा की



गोड्डा। गुरुवार को ग्राम लुकलुकी में महिला नेत्री अनिता ठाकुर के आवास पर महिला संगठन की एक बैठक हुई, जिसमें भाजपा प्रत्याशी के छोटे भाई संतोष दुवे ने कार्यक्रम में भाग लिया जिसकी अध्यक्षता महिला नेत्री अनिता ठाकुर ने की। बैठक में उपस्थित सभी महिलाओं ने संकल्प लिया कि मोदीजी को फिर से एक बार प्रधानमंत्री बनने के लिए डॉ निशिकांत दुबे को विजई बना कर अधूरे काम को पूरा करने के लिए तथा राष्ट्रीय लोक मोर्चा के सभी प्रतिनिधियों ने एकजुटता दिखाते हुए भाजपा प्रत्याशी को समर्थन देने का एलान किया। बैठक में जिले भर के महिला प्रतिनिधियों ने भाग लिया। मनोज कुशवाहा ने बताया की कार्यक्रम काफी सफल रहा।

### गोड्डा : मारपीट मामले में दो आरोपी गिरफ्तार



गोड्डा। बुधवार को गोढ़ी घाट के 8 नंबर वार्ड में मारपीट की एक घटना हुई थी जिसमे अरुण साह ने प्राथमिकी दर्ज कराते हुए कहा था की मुझे और मेरी बहन को घर में घुसकर मारपीट की गई मारपीट की वजह भाजपा का कार्यकर्ता होना बताया गया था। इसी घटना को लेकर निवर्तमान सांसद और भाजपा के लोकसभा उम्मीदवार डॉ निशिकांत दुबे अपने समर्थकों के साथ गोड्डा नगर थाने पहुंचे और इस घटना में शामिल लोगों को विपक्ष का आदमी बताया और खुद पीड़ित व्यक्ति ने भी कई न्यूज एजेंसी के सामने इस तरह के बयान दिए और भाजपा सांसद ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए इनपर कार्रवाई की मांग की। गुरुवार को आरोपी दोनो युवकों दीपक यादव एवं मुकेश यादव को जेल भेज दिया है। पुलिस निरीक्षक थाना प्रभारी गोड्डा दिनेश मोहली के साथ भोला नाथ दास पुअ नि नगर थाना गोड्डा, अशोक दुबे पु अ नि, गौरव कुमार की टीम ने छापेमारी कर दोनो आरोपियों की गिरफ्तारी की। इस मामले में नगर थाने में प्राथमिकी दर्ज कर लिया गया है।

### मजबूत लोकतंत्र के लिये मतदान जरूर करे : मोदक



गोड्डा। लोकसभा चुनाव के अंतिम चरण में 1 जून को गोड्डा लोकसभा संसदीय क्षेत्र में होने वाले मतदान को लेकर सदर प्रभाग के पुलिस निरीक्षक मधुसूदन मोदक ने मुफस्सिल थाना प्रभारी कृष्ण कुमार साहा के साथ मिलकर गुरुवार को डोकाबाँध, ढोढरी, रेढी, दुबराजपुर, चकेश्वरी सहित कई गाँवो के बूथो का निरीक्षण किया। इस मौके पर पुलिस निरीक्षक मधुसूदन मोदक के द्वारा लोगो से अधिक से अधिक संख्या में मतदान कर मजबूत लोकतंत्र निर्माण करने हेतु अपील की गई। श्री मोदक ने कहा मजबूत लोकतंत्र एवं देश के विकास के लिए समाज के हर एक वर्ग के लोगो की भागीदारी होनी जरूरी है इसलिए मतदान करना जरूरी है। आप मतदान जरूर करे। उन्होंने कहा कि अपने लिए एक योग्य उम्मीदवार का चयन करने हेतु मतदान करना जरूरी है। आप मतदान जरूर करे। थाना प्रभारी कृष्ण कुमार साहा ने कहा कि मतदान करना हर नागरिक का लोकतांत्रिक अधिकार है, इसलिए मतदान जरूर करे।

# सीता सोरेन की बेटी जयश्री ने झामुमो पर ईट-पत्थर से हमला करने का लगाया आरोप

गाड़ी घुमा बचने में रही सफल

**खबर मन्त्र संवाददाता**




प्रेसवार्ता कर आरोप लगाती भाजपा प्रत्याशी सीता सोरेन एवं उनकी बेटी जयश्री सोरेन।

**दुमका।** लोकसभा चुनाव में राज्य की सबसे हॉट सीट दुमका बन चुकी है। कहीं अब चुनावी जंग, खूनी जंग न बन जाये, इसकी आशंका अब प्रबल होते जा रही है। दरअसल दिवंगत दुर्गा सोरेन की पत्नी और दुमका लोकसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी सीता सोरेन और उनकी बेटी ने झामुमो और पूर्व सीएम हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन पर जामताड़ा जिले के नाला के समीप जनसंपर्क के दौरान बेटी राजश्री और जयश्री पर हमला कराने का प्रयास करने का आरोप लगाया है। आरोप वकायदा गुरुवार को दुमका कार्यालय में प्रेसवार्ता कर प्रत्याशी सीता सोरेन और उनकी बेटी राजश्री सोरेन ने लगाई। राजश्री सोरेन ने कहा कि वह अपनी बहन जयश्री के साथ अपनी मां सीता सोरेन के पक्ष में जनसंपर्क अभियान जामताड़ा जिले के नाला विधानसभा क्षेत्र में चला रही थी। तभी चाची कल्पना सोरेन की शह पर झामुमो कार्यकर्ता बड़ी संख्या में हाथों में ईंट-पत्थर लेकर उनपर हमला करने के लिए आगे बढ़े। लेकिन उनकी मंशा को भांपते हुए वह अपने ड्राइवर को गाड़ी घुमाने को कहा और वहां से निकलने में सफल रही। इस दौरान भाजपा के नेता बाटुल झा अपने समर्थकों के साथ पहुंच उनलोगो का विरोध किया। राजश्री और प्रत्याशी सीता सोरेन ने कहा कि उनके पति ने जिस झामुमो को दिलोजान से मजबूत किया। आज उसी पार्टी के पूर्व सीएम हेमंत सोरेन की पत्नी ने गुंडों का सहारा लेकर घटिया राजनीति का परिचय दिया है। उन्होंने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता संस्कारी हैं। यहां बड़े और छोटे को मान सम्मान मिलता है।

झामुमो से नाता तोड़ने के बाद वह खुद महसूस कर रही है। उन्होंने कहा कि ऐसी घटिया हरकतों से वह डरने वाली नहीं है। उन्होंने कहा कि मौके पर जामताड़ा एसपी भी पहुंच चुके थे अन्यथा उनकी बेटियां के साथ कुछ भी हो सकता था। उन्होंने कहा कि हमलावरों का नेतृत्व विधानसभा के स्पीकर रविन्द्रनाथ महतो के बेटे कर रहे थे। उन्होंने कहा कि खुद की चाची अपने ही घर की बेटियों पर हमला कराने के लिए उतावली हो रही है। सत्ता के लालच में घटिया राजनीति की हद पार चुकी कल्पना सोरेन और झामुमो के चंद गुंडों से वह कतई डरने वाली नहीं है। यहां गुंडा राज है क्या अब गुंडा राज नही चलेगा। उन्होंने कहा जिस तरह एक-एक करके भ्रष्टाचारी जेल के अंदर जा रहे हैं। उससे तो ऐसा लगता है कि इन लोगों में जेल जाने की होड़ लगी है।

इस मामले में वह मामला दर्ज कराएगी। सीता सोरेन ने कहा कि इसकी शिकायत चुनाव आयोग के साथ भारत सरकार को भी अवगत कराएंगी। यहां बताते चलें कि दुमका लोकसभा चुनाव में अपनी मां सीता सोरेन की तीनों बेटियां दिन रात जनसंपर्क कर रही है। ऐसे में इस तरह की घटना से झामुमो को परेशानी में डाल सकता है।

# दुमका : अभाविप ने चलाया मतदाता जागरूकता अभियान



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**दुमका।** अखिल भारतीय विधार्थी परिषद की जिला इकाई ने गुरुवार को जय जवान एकेडमी छात्रो के बीच में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया। जिसमे मुख्य रूप से विभाग संगठन मंत्री हिमांशु दुबे ने कहा कि हमारा एक मत जिले के विकास में मील का पत्थर साबित हो सकता है। इसके लिए मतदाताओ से किसी भी प्रत्याशी अथवा दल के प्रलोभन में नहीं आकर मजबूत राष्ट्र निर्माण के लिए मतदान करने का अनुरोध किया। उन्होंने कहा कि मतदान करना हमारा नैतिक कर्तव्य व राष्ट्र धर्म है। जिसका निर्वहन करने के लिए हमें आगे आना चाहिए। उन्होंने कहा कि 1 जून को मौसम कैसा भी रहे, इसकी परवाह किए बगैर बूथ पर कतारबद्ध होकर तब तक डटे रहे, जब तक अपने मताधिकारी का प्रयोग नहीं कर ले। मतदान प्रतिशत बढ़ाना हर जिम्मेदार नागरिक का कर्तव्य है। इसको बढ़ाने में विधार्थी परिषद की अहम भूमिका रहेगा। युवा मतदाताओं को युवा पीढ़ियों को मतदान के लिए जागरूक करना चाहिए। मतदान से अपने योग्य उम्मीदवार को चयनित करने का अपील किया। जागरूकता अभियान में जय जवान एकेडमी संस्थापक राजकुमार मंडल, सुमित ओझा, राजेश पिंटू, मनीष कुमार, शिव शंकर, राहुल व कार्यकर्त्ता मौजूद थे।

# साहिबगंज : दो दिन में पांच सौ से अधिक महिलाओं को लाखों का चुना लगाकर फाइनेंस कंपनी फरार

तीन हजार रुपए लेकर पचहत्तर हजार लोन देने का वादा कर फाइनेंस कंपनी के कर्मी फरार

**खबर मन्त्र संवाददाता**






**साहिबगंज।** मुख्यालय से मात्र एक किलोमीटर के अंदर व्यापार फाइनेंस खुली और दुसरे दिन गरीब असहाय महिलाओं का पैसा लेकर तीसरे दिन पैसा अकाउंट में देने का वादा कर फरार हो गयी। जानकारी के अनुसार राकेश कुमार जिसका अपना आधार कार्ड पर पता लिखा हुआ है, राकेश कुमार पिता- सीताराम यादव साकीम- रघुनाथपुर, पोस्ट - रघुनाथपुर थाना- किरतपुर, जिला- दरभंगा, बिहार, पिन नंबर- 847203 एवं आधार संख्या- 76413 127 2858 अंकित है। जिसने साहिबगंज -राजमहल के मुख्य सड़क पर मुख्यालय से महज एक किलोमीटर की दुरी पर स्थित मोहम्मद मोहिम, पिता-मो मोदिस, साकिम-गोपाल चौकी पोस्ट बड़ा मदन शाही थाना जिला बाड़ी जिला साहिबगं झारखंड पिन नंबर 816109 आधार संख्या 62340 15347921 के पास आया और उनके मकान के नीचतल्ला को भाड़ा में लेने का अनुरोध किया भाड़ा तय हुई 12000 जिसमें की 2000 एडवांस देकर बिना स्टांप के एंग्रीमेन्ट तैयार कर मकान मालिक मोहिम को राकेश कुमार ने दिया उन्होंने कहा कि आने वाले 23 तारीख को हमारे फाइनेंस कंपनी का जीएम आने वाले हैं उस दिन आपको बाकी भाड़े का रकम एवं एडवांस एवं 50000 रूपया दे दिया जाएगा। एग्रीमेंट होने के बाद व्यापार फाइनेंस लिमिटेड के कर्मी के द्वारा मो मोहिम के घर में व्यापार फाइनेंस लिमिटेड के नाम से एक प्राइवेट बैंक खुल गई। मकान मालिक मोहम्मद मोहिम ने बताया दूसरे दिन बहुत सारे महिलाएं कार्यालय में आकर कुछ फॉर्म वगैरह भरने लगे फिर गुरुवार को जब महिलाओं का बैंक खाता में पैसा नहीं गया तो वह लोग व्यापार फाइनेंस लिमिटेड के कार्यालय में आए तो देखा कि कार्यालय का दरवाजा बाहर से बंद है। महिलाओं को समझने में देर न लगी की हम लोगों का पैसा लूट चुका है। लुटे हुए महिलाओं ने संवाददाता को बताया कि फाइनेंस कंपनी के कर्मी हमलोगों के घर जाकर बंताया कि आप लोग तीन हजार रूपए हमारे बैंक में जमा किजीए दुसरे दिन आपके अपने अकाउंट में पचहत्तर हजार रुपया आयेगा। सीधी सादी महिलाएं इन लोगों के झांसे में आ गये और अपने जमा की हुई राशि कई महिलाएं दस प्रतिशत ब्याज में लाकर फाइनेंस कंपनी के कर्मी को लाकर दे दिया।

# डीवीसी, बीटीपीएस द्वारा नुक्क्ड़ नाटक व चित्रकला प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**बेरमो।** बोकारो थर्मल के दामोदर घाटी निगम, बोकारो ताप विद्युत की ओर से बुधवार को स्वच्छता पखवाड़ा के अवसर पर बोकारो थर्मल थाना के समीप नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। नाटक की प्रस्तुती हाई स्कूल बोकारो थर्मल के छात्र-छात्राओं द्वारा दशार्या गया।

इस अवसर पर बोताविके के वरीय महाप्रबंधक एवं परियोजना प्रधान आनंद मोहन प्रसाद, उपमहाप्रबंधक (प्रशा.) बी जी होलकर, सहा प्रबंधक (मा.सं.) एस ए अशरफ, रवि सिन्हा, धनंजय कुमार, रमेश कुमार, एस के तिवारी, शाहिद इकराम, भैरव महतो, सुकेश प्रजापति, खेदन रजक इत्यादि उपस्थित रहें। उप महाप्रबंधक (प्रशा.) ने बोकारो थर्मल वासियों से अपने क्षेत्र में साफ-सफाई रखने एवं कूड़ा कूड़ेदान में फेकने की अपील की। कार्यक्रम के अंत में वरीय महाप्रबंधक एवं परियोजना प्रधान आनंद मोहन प्रसाद ने नुक्कड़ नाटक की तारीफ करते हुए लोगों से स्वच्छता पखवाड़ा को सफल बनाने हेतु सहयोग मांगा। इसके अलावा बोकारो क्लब में स्थानीय बच्चों के लिये संध्या में चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत उपमहाप्रबंधक (प्रशा.) बी जी होलकर के आर्शीवचन के साथ हुआ। कार्यक्रम में सैकड़ों की तादाद में बच्चें उपस्थित रहें।

इस अवसर पर प्रबंधन की ओर से स्वच्छता अभियान के नोडल अधिकारी एस ए अशरफ, शाहिद इकराम, भैरव महतों, ए पी मेहता, शिवू सर आदि उपस्थित रहें।

# दुमका : स्कॉर्पियो जलकर हुई खाक, चालक की मौत

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**दुमका।** जिले के जरमुंडी थाना क्षेत्र में दिल को झकझोर देने वाली एक की दर्दनाक मौत की घटना सामने आयी है। यह घटना देर रात दुमका देवघर राष्ट्रीय राजपथ पर कुशमाहा चिकनिया गांव के पास तकरीबन 50 मीटर की दूरी पर स्थित ग्राम संपर्क मार्ग पर हुआ। इस वाकये में स्कॉर्पियो सहित चालक जलकर खाक हो गया। बताया गया कि थाना क्षेत्र के चंदना निवासी चालक मोहन दास सरडीहा के किसी व्यक्ति का भाड़ा पर स्कॉर्पियो चलाया करता था। जिसे दुधानी (जरमुंडी) के स्थानीय निवासी द्वारा बुक करा कर भाड़ा पर भेजा गया था। जो चालक मोहन के जीवन का अंतिम यात्रा बन बैठा। इसी बीच परिजनों द्वारा बुधवार शाम जब मोहन से संपर्क साधा गया तो मोबाइल का स्विच ऑफ बताया गया। वहीं दूसरा नंबर भी व्यस्त बताया जा रहा था। उधर परिजनों ने रात भर चिंता के साए में गुजारने के बाद सुबह मिली जलकर मरने के मनहूस संदेश से परिवार पर पहाड़ टूट पड़ा। मृतक के तीन पुत्र एवं एक पुत्री है। जिसकी शादी निकट भविष्य में होनी थी अपने पीछे छोड़ गए। हैरान कर देने वाली पति के वीभत्स मौत को लेकर पत्नी माधुरी देवी का कहना था कि मेरे पति की पहले हत्या की गई। इसके बाद आग के हवाले कर दिया गया।

स्पीड न्यूज

### सड़क दुर्घटना में युवक हुआ घायल

**घाघरा।** घाघरा थाना क्षेत्र के दोदांग मोड़ के समीप बुधवार की शाम मोटरसाइकिल दुर्घटना में पुसो थाना क्षेत्र निवासी कमलेश गोप गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की सूचना मिलने पर थाना प्रभारी तरुण कुमार निजी वाहन से घटना स्थल पहुंचे। वहीं 108 एंबुलेंस की मदद से घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घाघरा भिजवाया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज हेतु उसे गुमला सदर अस्पताल रेफर कर दिया। घटना के बाबत मिली जानकारी के अनुसार कमलेश मोटरसाइकिल से गुमला की ओर जा रहा था। जहां दोदांग मोड़ के समीप अनियंत्रित होकर गड्ढे में जा गिरा। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। वहीं पुलिस द्वारा घटना की जानकारी परिजनों को दूरभाष के माध्यम से दे दी गई।

### महिला ने कीटनाशक का सेवन कर किया आत्महत्या का प्रयास

**गुमला।** सदर थाना क्षेत्र के केसीपारा गांव निवासी 28 वर्षीय महिला देवंती देवी ने गुरुवार की दोपहर कीटनाशक का सेवन कर आत्महत्या का प्रयास किया। स्थिति खराब होने पर परिजन तत्काल उसे सदर अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उसका इलाज चल रहा है। हालांकि महिला ने कीटनाशक का सेवन क्यों किया इसका अभी तक स्पष्ट पता नहीं चल पाया है। महिला दो-तीन दिन पूर्व अपने मायके केसीपारा आई थी। उसका ससुराल सदर थाना क्षेत्र के आंजन गांव में है। संभवतः पति से कुछ विवाद होने के कारण उसने यह कदम उठाया होगा। फिलहाल सदर अस्पताल में उसका इलाज चल रहा है उसकी स्थिति चिंताजनक बताई जा रही है।

### वज्रपात की चपेट में आने से भैंस की मौत

**कैरो।** प्रखंड क्षेत्र के सढ़ाबे में गुरुवार को वज्रपात की चपेट में आने से मंगल उरांव का भैंस की मृत्यु हो गई। घटना के बारे में मिली जानकारी के अनुसार अपने बारी के समीप मंगल उरांव अपने मवेशियों को बांध रखा था कि अचानक तेज आंधी तूफान के साथ हुई वज्रपात से घटना स्थल पर ही भैंस की मौत हो गई। इधर घटना के कारण मंगल उरांव को करीब 40 हजार रुपया के नुकसान होने की बात बताई जा रही है।

### विजय हांसदा को जिताने के लिए बैठक

**साहिबगंज।** राजमहल लोकसभा के चुनाव के महागठबंधन के प्रत्याशी झा मु मो के विजय हांसदा को जीताने के लिए कांग्रेस के जिला अध्यक्ष बरकत खान ने बालुग्राम के ग्रामीणों, कांग्रेस कार्यकर्ता, एवं झामुमो कार्यकर्ता के साथ जनसंपर्क अभियान चलाया एवं विजय हांसदा के पक्ष में तीर धनुष में बटन दबाकर भारी मतों से जीताने के लिए अपील किया मौके पर झामुमो कार्यकर्ता मोहम्मद सलीम सेख, नसीम शेख पूर्व जिला प्रमुख जियाउल सेख, मुखिया जियाउल सेख उर्फ शास्त्री, मुखिया बदरुद्दीन के साथ अन्य लोग उपस्थित थे।

### डीवीसी, बीटीपीएस प्रबंधन द्वारा निकाली गई प्रभात फेरी

**बेरमो।** गुरुवार को दामोदर घाटी निगम, बोकारो ताप विद्युत केन्द्र की ओर से भारत सरकार, उर्जा मंत्रालय के निदेर्शानुसार मनाये जा रहे स्वच्छता पखवाड़ा के अवसर पर आज सुबह नये प्रशासनिक भवन के पास से प्रभात फेरी निकाली गई। प्रभात फेरी में बोताविके के वरीय महाप्रबंधक एवं परियोजना प्रधान आनंद मोहन प्रसाद, एस एन प्रसाद, (प्रशा.) बी जी होलकर, सहा. प्रबंधक (मा.सं.) एस. ए. अशरफ, रवि सिन्हा, शाहिद इकराम, भैरव महतो, एस के ओझा, राजेश सिंह, अनिल कुमार, राजदेव सिंह, राज कुमार, सूरज तिवारी, शिक्षकगण एवं विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्रा उपस्थित रहें।

# पिज्जा खाने से एक ही परिवार के नौ लोग बीमार

खबर मन्त्र संवाददाता





**कोडरमा।** थाना क्षेत्र अंतर्गत नगरखारा में पिज्जा खाने से एक ही परिवार के नौ सदस्य बीमार हो गए थे। जिसकी सूचना मिलते ही उपायुक्त मेघा भारद्वाज पहल करते हुए सभी को सदर अस्पताल भेजवाया। वहीं चिकित्सकों ने तत्काल इलाज शुरू किया। तत्पश्चात् सीएस डॉ. अनील कुमार, उपाधीक्षक डॉ. रंजीत कुमार व डॉ. सुनील मोदी की देख-रेख में सभी लोगों का सफलतापूर्वक इलाज किया गया। जिसमें कंचन देवी, काजल देवी, राजेश साव, लाबो कुमारी को गुरुवार को छुट्टी देकर घर भेज दिया गया है, जबकि पांच लोगों का इलाज जारी है। उल्लेखनीय हो कि कोडरमा नगरखारा निवासी रामचंद्र साव मंगलवार को कोडरमा बाजार स्थित जंगल रेस्टुरेंट से पिज्जा लाए थे, जहां घर के सभी सदस्य खाकर सो गए, जिसके बाद बुधवार सुबह दो बच्चे सहित नौ लोग की तबीयत बिगड़ने लगी थी। जिसमें 26 वर्षीय राजेश साव पिता रामचंद्र साव, 5 वर्षीय राजीव साव पिता राजू साव, 22 वर्षीय काजल देवी पति राजू साव, 25 वर्षीय राजू साव पिता रामचंद्र साव, 2 वर्षीय लाबो कुमारी पिता मुकेश कुमार, 24 वर्षीय रूपा देवी पति राजेश साव, 25 वर्षीय कंचन देवी पति कैलाश साव, 26 वर्षीय नेहा देवी पति मुकेश कुमार, 62 वर्षीय कमला देवी पति रामचंद्र साव के नाम शामिल हैं। विदित हो कि बीते दिनों जिला फूड सेफटी ऑफिसर द्वारा विभिन्न जगहों पर छापेमारी कर खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता की जांच किया जाता है मगर सवाल यह है कि यदि कोई मिलावटी पाई जाती है तो फाइन देकर दुकानदार निकल जाते हैं और फिर मिलावट का काम जारी रखते है। वहीं उपर्युक्त घटना में रेस्टुरेंट के खिलाफ फिलहाल जिला प्रशासन द्वारा कोई कार्रवाई नही की गयी है, अगर कल को कोई फिर जाकर पिज्जा या कोई अन्य सामग्री खायेगा तो उसकी भी स्वास्थ्य बिगड़े पर जिम्मेवार कौन होगा।

### लोक सभा को लेकर बेरमो पुलिस व अर्धसैनिक बल का फ्लैग मार्च

**बेरमो /फुसरो।** लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने के लिए बेरमो पुलिस और अर्धसैनिक बल के जवानों ने गुरुवार शाम फुसरो बाजार में फ्लैग मार्च किया। इस दौरान पुलिस अधिकारियों और अर्ध सैनिक बल टुकड़ी ने आम नागरिकों से बेखौफ होकर मतदान करने की अपील की। फ्लैग मार्च का नेतृत्व पुलिस इंस्पेक्टर सह बेरमो थाना प्रभारी अशोक कुमार ने किया। फ्लैग मार्च बेरमो थाना परिसर से प्रारंभ होकर फुसरो नगर के विभिन्न मार्गों से होकर गुजरा। फ्लैग मार्च के दौरान पुलिस ने लोगों को बिना किसी डर भय के चुनाव प्रकिया में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। फ्लैग मार्च के दौरान आमजन से यह भी ही अपील की गई है कि मतदान के दौरान अगर कोई व्यक्ति उन्हें प्रभावित करे तो तुरंत उसकी सूचना पुलिस को दें, ताकि ऐसे लोगों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जा सके। बेरमो थाना प्रभारी श्री कुमार ने बताया कि 25 मई को लोकसभा चुनाव होगा. शांतिपूर्ण तरीके से चुनाव संपन्न कराने के लिए पुलिस और अर्ध सैनिक बल के जवानों ने फ्लैग मार्च किया है. सभी मतदाता पूरी निडरता के साथ मतदान करें।

## माहुरी वैश्य महामंडल का 111वां स्थापना दिवस समारोह 26 को

# शिव वाटिका में आयोजित होने वाले समारोह में देश भर से समाज के प्रतिनिधि होंगे शामिल



खबर मन्त्र संवाददाता

**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** माहुरी वैश्य महामंडल का 111वां स्थापना दिवस समारोह 26 मई को बाईपास रोड स्थित शिव वाटिका में धूम धाम से मनाया जाएगा। इसकी तैयारी को लेकर स्थानीय श्री माहुरी भवन में नवयुवक समिति की एक बैठक समिति अध्यक्ष प्रतीक कुमार की अध्यक्षता में हुई। बैठक में मुख्य रूप से महामंडल उपाध्यक्ष रवि कपसीमे, केंद्रीय नवयुवक समिति उपाध्यक्ष रितेश लोहानी, मंडल अध्यक्ष मुन्ना भदानी, सचिव संजय तर्वे, महिला समिति अध्यक्ष ललिता भदानी, सचिव सरोज पवनचौदह आदि शामिल हुई। वहीं बैठक को संबोधित करते हुए महामंडल उपाध्यक्ष रवि कपसीमे व केंद्रीय नवयुवक समिति उपाध्यक्ष रितेश लोहानी ने संयुक्त रूप से बताया कि केंद्रीय माहुरी वैश्य नवयुवक समिति गिरिडीह के तत्वाधान में आयोजित होने वाली महामंडल का स्थापना दिवस समारोह में महामंडल के अंतर्गत सभी मंडलों के अलावा बिहार, बंगाल, दिल्ली, महाराष्ट्र सहित अन्य राज्यों से समाज के प्रतिनिधि शामिल होंगे। इन्होंने बताया कि तिलैया मंडल में स्थापना दिवस समारोह आयोजित होना गर्व की बात है। इस समारोह में मुख्य रूप से समाज को संगठित करने वाले नौ रत्न की भूमिका पर प्रकाश डालने के साथ ही समाज की विभिन्न गतिविधियों में आज के युवा पीढ़ी को संदेश दिया जाएगा। वहीं समारोह में अतिथि के रूप में विभिन्न जगहों पर स्थित कुल देवी मां मथुरासिनी मंदिर के भूमिदाता व ट्रस्टी एवं नवरत्न परिवार के सदस्यों को आमंत्रित करने का निर्णय लिया गया है। वहीं आयोजन में समाज के ज्यादा से ज्यादा लोगों की भागीदारी हो इसे सुनिश्चित करने को लेकर प्रचार प्रसार करने के साथ ही 25 मई की सुबह नवयुवकों द्वारा शहर में मोटरसाईकिल रैली भी निकालने का निर्णय लिया गया। वहीं 26 मई को स्थापना दिवस समारोह के दिन शिव वाटिका में बृहद रक्तदान शिविर का भी आयोजन करने का निर्णय लिया गया।

#### रक्तदान शिविर का भी होगा आयोजन

रक्तदान शिविर के सफल संचालन को लेकर विशाल सेठ को परियोजना निदेशक बनाया गया है। वहीं समारोह स्थल पर पहुंचने के लिए समिति द्वारा स्थानीय भगवती मार्केट के समीप से टोटो की व्यवस्था करने का निर्णय लिया गया। बैठक का संचालन नवयुवक समिति सचिव साहिल भदानी एवं धन्यवाद ज्ञापन संरक्षक अभिषेक रंजन ने किया। मौके पर अरुण सेठ, दिलीप अठघरा, अरविंद एकघरा, संतोष कपसीमे, दयानन्द पवनचौदह, दिलीप ब्रहपुरिया, मुन्ना सेठ, नितेश सेठ, हिमांशु सेठ, सागर भदानी, नितेश कुमार निक्की आदि मौजूद थे।

### मथुरा प्रसाद के समर्थन में झामुमो ने निकला बाइक जुलूस

बेरमो /फुसरो। इंडिया गठबंधन के गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र से प्रत्याशी मथुरा प्रसाद महतो के समर्थन में झारखंड मुक्ति मोर्चा फुसरो नगर कमेटी के द्वारा करगली गेट स्थित कार्यालय से बाइक जुलूस निकाला गया। यह जुलूस नगर अध्यक्ष दीपक कुमार महतो के नेतृत्व में निकल गया। जुलूस करगली गेट से प्रारंभ होकर फुसरो बाजार, नया रोड, पिछरी, तातरी, तुपकाडीह होते हुए जैनामोड़ में इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी मथुरा प्रसाद महतो के समर्थन में हो रहे जनसभा में शामिल हुआ। इस अवसर पर दीपक महतो ने राज्य के विकास के लिए समर्थन देने की अपील किया। कहा कि केंद्र की मोदी सरकार गरीबों को साथ धोखा दे रही है। झारखंड में विकास कार्य धीमा न पडे, इसके लिए मतदाताओं को जागरूक रहना होगा। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार के कार्यकाल में झारखंड में कई कार्य हुए हैं और कई योजनाएं अभी संचालित हैं। इन अधूरे कार्यों को पूरा करने के लिए मतदाताओं के सहयोग की जरूरत है। मतदाताओं से अपील किया कि वह हेमंत सोरेन व चंपाई सोरेन को मजबूत करने के लिए गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र से मथुरा महतो का समर्थन करें। मौके पर युवा नेता भोलू खान, फुसरो नगर सचिव अनिल रजवार, कोषाध्यक्ष मोहशिन रजा, उपाध्यक्ष टीकू महतो, महताब खान, सुरेश राम, कालीचरण टुडू, दीपक गुप्ता, हर्ष कुमार, गोल्डन सिद्धिकी, जितेंद्र नायक, प्रकाश नायक, जानी, रोहित महतो, सुखदेव तुरी, रविंद्र राम, एहसान जानी, सूरज राम, मुन्ना राम, बच्चन राम, मनोज राम सहित सैकड़ों लोग मौजूद थे।

# ट्रक की चपेट में आने से तीन लोग गंभीर रूप से घायल





खबर मन्त्र संवाददाता



**कोडरमा।** चंदवारा थाना क्षेत्र अंतर्गत चंदवारा ब्लॉक के समीप ट्रक की चपेट में आने से टोटो सवार तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। मिली जानकारी के अनुसार टोटो तिलैया से सवारी लेकर चंदवारा की ओर जा रही थी। इसी दौरान चंदवारा ब्लॉक मोड़ के समीप विपरीत दिशा से आ रही ट्रक ने टोटो को अपने चपेट में ले लिया। जिसमें टोटो सवार तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। वहीं घटना के बाद चंदवारा थाना पुलिस सभी घायलों को सदर अस्पताल पहुंचाया, जहां सभी का इलाज किया जा रहा है। घायलों में चित्रगुप्तनगर झुमरी तिलैया निवासी 75 वर्षीय टोटो चालक पंचम माहतो पिता स्व छोटन माहतो, फतेहपुर झंडा चौक गया बिहार निवासी 40 वर्षीय मो मुमताज आलम पिता स्व अलाउद्दीन मास्टर एवं ग्राम डुमरीचट्टी थाना फतेहपुर गया बिहार निवासी 45 वर्षीय विजय गोश्वामी पिता स्व किशोरी गोसाई का नाम शामिल हैं।

### सड़क हादसे में युवक घायल, रेफर

**कोडरमा।** नवलशाही थाना क्षेत्र अंतर्गत चंचाल गेट के पास वाहन की चपेट में आने से बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। वहीं घायल की पहचान 35 वर्षीय संतोष साव गिरिडीह के अरखांगो निवासी के रूप में हुई है। वहीं ग्रामीणों की मदद से घायल युवक को एंबुलेंस की मदद से सदर अस्पताल लाया गया। यहां प्राथमिक उपचार किया गया एवं गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे रिम्स रेफर कर दिया गया।

### सड़क दुघर्टना में युवक घायल

**चतरा।** हंटरगंज-चतरा मुख्य मार्ग पर घंघरी गांव के पास एक मोटरसाइकिल सवार अज्ञात वाहन की चपेट में आ गया और गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक को 108 एंबुलेंस से हंटरगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद उसे गंभीर चोटों के कारण गया मगध मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। घायल की पहचान डुमरी कला पंचायत के बेला फिटिंग टांड गांव के 24 वर्षीय धर्मेंद्र भारती के रूप में हुई है। वह घंघरी बाजार से अपने घर लौट रहा था तभी यह हादसा हुआ।

# महिला ने कुएं में कूदकर की आत्महत्या

खबर मन्त्र संवाददाता



**चतरा।** हंटरगंज थाना क्षेत्र के तिलहेत पंचायत अंतर्गत सेलवार गांव में बुधवार देर शाम घरेलू विवाद के चलते एक महिला ने कुएं में कूदकर जान दे दी। मृतका की पहचान सोनमंती देवी (35) के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि सोनमंती देवी और उनकी सास शांति देवी के बीच किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई थी। इसी दौरान गुस्से में आकर सोनमंती देवी ने कुएं में छलांग लगा दी। जब तक ग्रामीण मौके पर पहुंचते, तब तक सोनमंती देवी की मौत हो चुकी थी। घटना की सूचना मिलते ही मृतका के मायके वाले भी मौके पर पहुंच गए और शव देखकर आक्रोशित हो गए। उन्होंने मौके पर ही मृतका की सास शांति देवी के साथ मारपीट भी की। सोनमंती देवी के दो बेटे और दो बेटियां हैं, जबकि उनके पति मजदूरी करने के लिए बाहर गए हुए हैं। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं, घायल सास शांति देवी को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

# बोकारो चैंबर ऑफ कॉमर्स ने मतदाताओं को किया जागरूक

खबर मन्त्र संवाददाता




बेरमो /फुसरो। बोकारो चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज की ओर से गुरूवार को लोकसभा आम निर्वाचन को लेकर मतदान जागरुकता अभियान फुसरो में चलाया गया। इसमें मुख्य रुप से बोकारो चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के सचिव मंजूर हुसैन उर्फ जीया उपस्थित थे। इस दौरान उन्होने मतदान के लिए शपथ ग्रहण करायी. साथ ही चुनाव में सभी से बढ़-चढ़ कर मतदान करने की अपील की। कहा कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य युवा मतदाताओं को वोट देने के प्रति जागरूक करना एवं अपने लोकतांत्रिक अधिकार का प्रयोग करने के लिए प्रोत्साहित करना है। कहा कि चुनाव के उत्सव का महत्व और दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र में मतदान करना गौरव का प्रतीक है। मौके पर महबुब आलम, मो इलियास हुसैन, आकिब जावेद, शालू हाफिज, इरशाद साह, अस्लम, प्रकाश मिश्रा, मो साजीद अंसारी मौजूद थे।

# चतरा में अवैध बालू भंडारण का मामला विभाग पर कार्रवाई नहीं करने का आरोप

खबर मन्त्र संवाददाता



चतरा। जिले में अवैध बालू भंडारण का मामला सामने आया है। एनटीपीसी के अधीनस्थ कंपनियों में बड़े पैमाने पर अवैध बालू का भंडारण किया जा रहा है। आस-पास की नदियों से अवैध रूप से बालू निकालकर एनटीपीसी के 2 नंबर गेट समीम में डंप किया जा रहा है। खनन विभाग द्वारा कार्रवाई के नाम पर खानापूर्ति की जा रही है। बालू माफिया चतरा खनन विभाग को मैनेज कर ट्रैक्टर मालिकों को बताकर बालू का अवैध उठाव कर रहे हैं। यह सिलसिला पिछले काफी समय से चल रहा है। अवैध बालू की आपूर्ति एनटीपीसी पावर प्लांट के अधीनस्थ विभिन्न छोटे-बड़े कंपनियों के साइड में की जा रही है। इससे राज्य सरकार को करोड़ों रुपये का नुकसान हो रहा है। जिला खनन विभाग द्वारा बालू की चालान की व्यवस्था नहीं हो पा रही है।

# जेएसएलपीएस की महिलाओं ने की ग्राम संगठन बैठक



खबर मन्त्र संवाददाता

**गिद्धौर।** प्रखंड के पहरा गांव बरटा में बृहस्पतिवार को जेएसएलपीएस की महिलाओं ने ग्राम संगठन की बैठक उत्क्रमित मध्य विद्यालय बरटा के प्रांगण में की। बैठक की अध्यक्षता आईपिआरपी सुनीता देवी ने की और सक्रिय महिला लक्ष्मी देवी ने संचालन किया। बैठक में जेएसएलपीएस के सीसी सुमित्रा देवी और सुनील कुमार उपस्थित थे। उन्होंने समूह ऑडिट, सीसी लिकेज जैसी जानकारियां समूह से जुड़ी महिलाओं को दीं। साथ ही, ग्राम स्तर पर कार्यरत केडर को जल्द से जल्द समूह ऑडिट करने को कहा। इसके अलावा, गर्मा सब्जी सामूहिक रूप से लगाने पर भी चर्चा हुई। बैठक में दर्जनों महिलाएं मौजूद थीं।

**स्पीड न्यूज**

## बुद्ध पूर्णिमा पर तीन कुंडीय गायत्री यज्ञ व संस्कार कार्यक्रम का आयोजन



गुमला। गायत्री शक्तिपीठ बड़ाईक मुहल्ला गुमला में गुरुवार को बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर पूर्वाह्न 9:30 बजे से तीन कुंडीय गायत्री यज्ञ एवं संस्कार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में पुंसवन संस्कार मनीषा शुक्ला एवं दीक्षा संस्कार ममता देवी का कराया गया। यज्ञ-पूजन कार्य ब्रह्मदेव जी के द्वारा संपन्न कराया गया। कार्यक्रम के समापन में महाप्रसाद का वितरण उपस्थित भक्तों के बीच किया गया। कार्यक्रम में प्रमोद सिंह, ज्योति उरांव, निर्मला देवी, अक्षय शुक्ला, दीक्षा त्रिपाठी, मीडिया प्रभारी सुनील कुमार दास,उमा देवी, स्वाति जैसवाल सरिता देवी रांची देवी, ममता देवी, कलावती देवी, सुलोचनी देवी, गीता देवी, मुन्नी देवी, श्यामली राय, हरिहर प्रसाद जयसवाल, माला देवी, लक्ष्मी विश्वकर्मा, गीता देवी, सविता देवी, नीलम देवी, उर्मिला बहन इत्यादि सैकड़ों लोग उपस्थित हुए।

## राधाकृष्ण, हनुमान व शिव मंदिर का 6वां वार्षिकोत्सव मनाया गया

चैनपुर। चैनपुर मुख्यालय के दुर्गा मंदिर परिसर स्थित राधाकृष्ण, हनुमान जी एवं शिव मंदिर का 6 वां वार्षिकोत्सव काफी धूमधाम के साथ मनाया गया। सर्वप्रथम पंडित अविनाश पाठक एवं संजय पाठक के द्वारा पूरे विधि विधान के साथ मंदिर में पूजा अर्चना करायी गयी। जिसके बाद रूद्राभिषेक हुआ। फिर भक्तों के बीच प्रसाद का वितरण किया गया। इधर मंदिर के वार्षिकोत्सव को लेकर मंदिर को आकर्षक तरीके से सजाया गया था। वहीं मंदिर परिसर में बज रहे भक्ति गाने से पुरा मुख्यालय भक्तिमय हो गया था। वहीं पूजा में शामिल लोगों ने बताया कि दुर्गा मंदिर परिसर स्थित राधाकृष्ण, हनुमान जी एवं शिव मंदिर का वार्षिकोत्सव हर वर्ष धूमधाम से मनाया जाता है और विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम का आयोजन भी किया जाता है। समारोह में मुख्य रूप से संतोष केशरी, पूर्णेंदु केशरी, पोखन साहु,मुकेश प्रसाद, अंजलि देवी,हंसराज नायक समेत चैनपुर के भक्त गण शामिल होकर पूजा को सफल बनाया।

## अखंड हरीकीर्तन को लेकर बेती पतराटोली में कलश यात्रा का आयोजन



घाघरा। घाघरा प्रखंड के बेती पतराटोली गांव में अखंड हरि कीर्तन को लेकर श्रद्धालुओ ने कलश यात्रा निकाला। कलश यात्रा कीर्तन स्थल से शुरू होकर बेती तालाब पहुंचा। जहां से जल भरकर पुनः बेती पतराटोली स्थल पहुंचा। वहीं वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजन पाठ की गई। इस आशय की जानकारी गुरुवार को देते हुए मुखिया विनीता कुमारी ने बताया कि कार्यक्रम के निमित 24 घंटा का अखंड कीर्तन का आयोजन किया गया। आयोजक समिति के दूधनाथ उरांव ने बताया कि पिछले वर्ष की भांति इस वर्ष भी अखंड कीर्तन एवं भंडारा का आयोजन किया। अखंड कीर्तन कार्यक्रम में शामिल हुए रामरेखा असम बेड़ा के 151 मंडली कीर्तन मंडली में शामिल हुए। कार्यक्रम में पूर्व मुखिया आदित्य भगत,महनिया देवी,कमल मुनि देवी,कनक भगत, संतोष कुमार साहू, मनीषा कुमारी अनिशा कुमारी , रॉबिता कुमारी गौरी कुमारी, रोमीया एक्वा रीमा उरांव सहित कई उपस्थित थे।

## इचा बजारटाड़ में जेठ जतरा पर सांस्कृतिक कार्यक्रम हुआ आयोजन



घाघरा। घाघरा प्रखंड के इचा बाजारटाड़ में बिराटगड़ ईचा द्वारा जेठ जतरा पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन गुरुवार को किया गया। इस क्रम में 25 खोड़हा दल शामिल हुए। जहां अपना नृत्य व गीत प्रस्तुत किया। सांस्कृतिक कार्यक्रम का उद्घाटन पूर्व मुखिया आदित्य भगत ने किया। मौके पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए पूर्व मुखिया आदित्य भगत ने कहा कि जेठ जतरा का आयोजन प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी किया गया है। हमें अपने संस्कृति सभ्यता परंपरा को संजोग के रखने की जरूरत है। वही जतरा में मिठाई व खिलौने की कई दुकानें लगी। मौके पर वार्ड सदस्य शीतल उरांव, बिपिन बिहारी भगत, शीशम भगत,शिव उरांव, मुकुंद उरांव शंकर भगत, जमुना बढ़ाई, संजीत उरांव, वीरू उरांव सहित कई लोग उपस्थित थे।

## सोशल मीडिया से दोस्त बने युवक ने लड़की को भगाया, पुलिस ने किया बरामद

गुमला। सोशल मीडिया के माध्यम से एक लड़की ने एक लड़के से दोस्ती की और कुछ ही दिनों में यह दोस्ती प्यार में बदल गया। जिसके बाद युवक ने उक्त नाबालिक लड़की को बहला-फुसलाकर बिहार के भागलपुर लेकर भाग निकला। नाबालिक क परिजनों ने भरनो थाना में घटना की शिकायत दर्ज करायी। जिसके बाद भरनो पुलिस त्वरित कार्रवाई करते हुए प्रेमी को भागलपुर जाकर गिरफ्तार किया और गुरूवार को गुमला जेल भेज दिया। साथ ही नाबालिक को बरामद करते हुए परिजनों को पुलिस ने सौंप दिया।

## सदर अस्पताल में सुरक्षा गार्ड के नहीं रहने से मरीजों व परिजनों की परेशानी बढ़ी

गुमला। जिला का एकमात्र सदर अस्पताल गुमला में सुरक्षा गार्ड्स के नहीं रहने से सदर अस्पताल की सुरक्षा व्यवस्था चरमरा गई है। जिससे मरीज सहित आम लोगों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। सुरक्षा गार्ड के नहीं रहने से परिसर में अव्यवस्था का माहौल हो गया है। जानकारी के अनुसार सदर अस्पताल में कुल 10 सुरक्षा गार्ड कार्यरत हैं। विगत 10 से 12 दिनों से उन्हें चुनावी कार्य को लेकर अन्यत्र भेज दिया गया था। जिसे अस्पताल में एक भी सुरक्षा गार्ड नहीं है। जिसे अव्यवस्था का महौल उत्पन्न हो गया है।

# सरकारी चापाकलों में हो रहा है अवैध कब्जे का खेल, पानी के लिए लोग हलकान

## चैनपुर में सरकारी चापाकल में सिकड लगाकर मारा गया ताला, विधायक निधि से बने चापाकल को घर की चाहरदीवारी के अंदर कर जमाया गया कब्जा

**अवैध कब्जा पर नहीं चलता है प्रशासन का डंडा, सार्वजनिक चीज का होता है निजी उपयोग**

खबर मन्त्र संवाददाता



चैनपुर के पीपल चौक में चापाकल में सिकड लगाकर मारा गया ताला।

चैनपुर। पेयजल समस्या के समाधान को लेकर लगाये गये चापाकलों में अवैध कब्जा अब आम बात होते जा रही है। क्योंकि कब्जा करने वालों पर कभी प्रशासन का डंडा चलता ही नहीं है। जिसके कारण सरकारी राशि से लगे चापाकल का उपयोग किसी एक ही परिवार के लोग करते हैं और आस-पास के लोग पानी के लिए भटकते नजर आते हैं। लोग सरकारी फंड से बने चापाकलों में समरसेबल लगाकर अपने घरों तक पानी ले जा रहे हैं या फिर चापाकल के हैंडल में सिकड़ बांधकर उसे ताला मार दे रहे हैं। वहीं कई चापाकलों को लोग अपने घरों के चाहरदीवारी के अंदर कराकर उसपर कब्जा कर लिये हैं। यह हालात पूरे राज्य में देखने को मिल सकता है। ऐसा ही मामला चैनपुर प्रखंड में देखने को मिला। प्रखंड के एक चापाकल में सिकड़ लगाकर ताला मार दिया गया है। जिसे उस चापाकल में कुछ ही परिवार के लोगों का कब्जा हो गया है। जबकि चापाकल सार्वजनिक चीज है। जिसे हर व्यक्ति अपनी प्यास बुझा सकता है या आवश्यकता अनुसार जलपात्रों में अपने घरों तक पानी ले जा सकता है। दरअसल चैनपुर प्रखंड के पीपल चौक में सरकारी चापाकल पर ताला जड़ा गया है तथा विभिन्न चापाकल है जो व्यक्तिगत रूप से मोटर या समरसेबल लगा कर उसका निजी उपयोग लोग कर रहे हैं। ऐसे चापाकल से खास व्यक्ति के अलावा कोई भी ग्रामीण पानी नहीं लें सकते हैं। इसके साथ ही चैनपुर पंचायत में विधायक निधि से गाड़े हुए चापाकल को अपना निजी चापाकल बता कर गृहस्वामी ने घेराबंदी कर ली। इतना ही नहीं सरकारी चापाकल होने के नाते जब लोग पानी लाने पहुंचे तब मारपीट एवं गाली गलौज के साथ झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी दे डालते है। जिले में सरकारी चापाकलों की यह स्थिति शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में अधिकांश देखा जाता है। चापाकलों में अवैध कब्जा करने वाले लोगों पर कभी प्रशासन का डंडा भी नहीं चलता है। जिसे वे बेखौफ होकर चापकलों में अपना कब्जा जमाये बैठे हैं। जबकि आस-पास के लोग इस गर्मी में पानी के लिए भटक रहे हैं।

### विभाग व जिला प्रशासन के द्वारा कोई कार्यवाही नहीं

सबसे बड़ी विडंबना यह है कि लोगों की शिकायत पर भी विभाग और जिला प्रशासन के आला अधिकारी कोई कार्यवाही नहीं करते। यही कारण है कि सरकारी चापाकलों पर अवैध रूप से अधिपत्य जमाने का प्रचलन थमने के बजाएं और जोर पकड़ने लगा है। दिलचस्प बात यह है कि चुनाव शुरु होते ही सरकारी चापाकलों में प्रत्याशियों के द्वारा समर सेबल लगा कर वोटरों को प्रभावित करने का भी खेल सरेआम होता है। सरकारी चापाकलों के दुरुपयोग से भले ही राजनीतिक रसूख वाले वोट के ठेकेदारों का एकलौता स्वार्थ पूरा हो जाता है। लेकिन आम लोग योजना के क्रियान्वयन के बाद भी वास्तविक लाभ से वंचित हो जाते हैं।

### चापाकल से हटाया जाये ताला : मुखिया

चैनपुर पंचायत की मुखिया शोभा देवी से पूछने पर उन्होंने बताया कि पत्रकारों के माध्यम से मुझे इसकी जानकारी मिली है। इस तरह चापाकल में ताला लगाना कहीं से भी उचित नहीं है। पानी सभी के लिए जरुरी है जल्द ही चापाकल से ताला हटाया जाए।

# देवस्थल मंदिर का 7वां वार्षिकोत्सव संपन्न

**मातृशक्ति की अगुवाई में धार्मिक कार्यक्रमों का हुआ आयोजन**

खबर मंत्र संवाददाता



लोहरदगा। शहरी क्षेत्र के किस्को मोड़ स्थित देवस्थल मंदिर के स्थापना के सात वर्ष पुरे होने के उपलक्ष्य में देवस्थल मंदिर में धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के शुरूआत में मंदिर परिसर स्थित तालाब से महिलाओं द्वारा कलश में जल लेकर कलश यात्रा प्रारम्भ की गई जो तालाब की परिक्रमा करते हुए देवस्थल मंदिर में संपन्न हुई। इसके पश्चात मंदिर के पुरोहित सूरज कुमार मिश्रा की अगुवाई में जजमान शशिभूषण सिंह एवं उनकी पत्नी मीरा देवी के द्वारा धार्मिक अनुष्ठान एवं पूजन का कार्यक्रम संपन्न किया गया। पूजन कार्यक्रम के पश्चात मातृ शक्ति के द्वारा 12 घंटे का अखंड भजन कीर्तन का आयोजन किया गया। जो संध्या 7 बजे तक लगातार चलता रहा। मंदिर प्रांगण में भंडारे का भी आयोजन किया गया। जिसमे श्रद्धालु ने प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर पुरोहित सूरज कुमार मिश्रा के द्वारा जिले के सर्व कल्याण कीर्ति वैभव के साथ सुख शांति की स्थापना के लिए पूजा याचना कर प्रार्थना की गई। वार्षिक उत्सव के कार्यक्रम को सफल बनाने में ज्योति वर्मा, मंजू देवी, रामवती देवी, सरिता देवी, रितु कुमारी, सीमा देवी, केसरी देवी, लीला देवी, रेणु देवी, संगीता देवी, रीता देवी, रेणु देवी, रिंकी देवी, रीता देवी, उषा देवी, सुनीता सहदेव, संध्या देवी, सुनीता देवी, लिखिए देवी, गीता देवी, चंदा देवी, शारदा देवी, आरती देवी, बसंती देवी, आंचल भारती, सीमा कुमारी, राधिका देवी, संगीता देवी, मालती देवी, दिव्या राही, साक्षी कुमारी, ममता शर्मा के साथ मंदिर कमिटी के सदस्य बंशीधर मिश्रा, गुप्तेश्वर प्रसाद गुप्ता, मुंशी साहू, बैजनाथ प्रसाद, नरेश साहू, सूरज मिश्रा, राजू गुप्ता की भूमिका रही।

# बढ़ती गर्मी से नदियों का जलस्तर सुखा, चापाकल की स्थिति भी खराब

## नल जल योजना का हाल भी धरातल में है खराब, सोलर जलापूर्ति योजना साबित हो रही है बेकार

**पानी को लेकर ग्रामीण क्षेत्रों के लोग हैं परेशान**

खबर मन्त्र संवाददाता



चैनपुर। चैनपुर प्रखंड क्षेत्र में गर्मी की धमक के साथ ही धरती की प्यास बढ़ने लगी है। प्रखंड क्षेत्र की नदियों के साथ साथ छोटे-बड़े जलाशय, कुएं आदि सुख गये। कहीं-कहीं अभी से ही चापाकल से पानी निकलना कम हो गया है। खासकर ग्रामीण क्षेत्रों में जलस्तर कम होने से लोगों की परेशानी बढ़ गई है। चैनपुर की लाईफ लाईन माने जाने वाले शंख नदी, सफी नदी और कुंदय नदी का जलस्तर काफी घट चुका है। नदियों में पानी कम और बालू ज्यादा नजर आ रही है। जिससे जानवरों सहित पक्षियों को भी अपनी प्यास बुझाने में परेशानी हो रही है। वहीं गांव गांव में नल जल योजना से लगे जलमीनार भी अब जबाब देने लगे हैं। दुरस्थ क्षेत्र के ग्रामीण नदियों में गढ्ढे बनाकर पानी का जुगाड कर रहे हैं। ग्रामीणों में विभाग की कार्य प्रणाली को लेकर भारी रोष व्याप्त है। चापाकल व जलमीनार खराब होने से ग्रामीणों को एक से दो किलोमीटर दूर से पानी ढोना पड़ रहा है। गांव में प्यास बुझाने का एकमात्र सहारा व्यक्तिगत बोरिंग है। लेकिन वह भी अब हांफने लगा है। सरकार लोगों तक पेयजल आपूर्ति के लिए नल-जल योजना लायी। लेकिन इस योजना की दुर्दशा किसी से छुपी नहीं है। इस योजना को धरातल पर लाने की बजाए सरकार के नुमाईंदे राशि के बंदरबांट में लगे रहें। जिसका परिणाम आज सामने है। भीषण जल संकट की स्थिति बनी हुई है।

### इंसान तो इंसान जानवरों के लिये भी छाया जल संकट

गिरते जल स्तर व जीवनदायनी नदियों के सुख जाने से इंसानों से लेकर पशु पक्षियों व जानवरों को भी अपनी प्यास बुझाने में परेशानी हो रही है। जानवर प्राकृतिक जलस्त्रोंतों से ही अपनी प्यास बुझाते हैं। नदियों के सुख जाने से पशु पक्षी व जानवरों को सबसे अधिक परेशानी हो रही है।

## लोक कलाकारों को इंदिरा गांधी राष्ट्रीय लोक कला मंच ने किया सम्मानित

रायडीह। रायडीह प्रखंड के सुरसांग क्षेत्र के रमजा इंद डांड में अखिल भारतीय वनवासी कल्याण केंद्र के द्वारा सदान लोक कलाकारों के लिए सदान लोक परंपरा के तहत डांडिया नृत्य, डमकच नृत्य का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि केंद्रीय लोक कला प्रमुख बीरबल सिंह, अखिल भारतीय वनवासी कल्याण केंद्र सरगुजा के देवनंदन सिंह, खेदु नायक, गणेश सिंह, अशोक सिंह, विश्वनाथ सोरेन उपस्थित थे। बीरबल सिंह ने कहा आज हमारे आदिवासी भाई एवं बहनों के अंदर जो कला छिपी हुई है उसको निखारने की आवश्यकता है। वनवासी कल्याण केंद्र के द्वारा शहरी क्षेत्र से दूर सुदरवर्ती ग्रामीण क्षेत्र में आदिकाल से निवास कर रहे आदिवासियों के लोक कला, परंपरा, सभ्यता संस्कृति को संरक्षित तथा जीवित रखने का कार्य कर रही है। पिछले वर्ष 14-15 मई को करौंदी रथ बगीचा में कार्यक्रम आयोजित किया गया था। जिसमें कई राज्य के लोक कला मंडली ने हिस्सा लिया था। उन कला मंडली को इंदिरा गांधी राष्ट्रीय लोक कला मंच दिल्ली के द्वारा सम्मानित भी किया गया था। कार्यक्रम में मौजूद मंडली प्रमुखों को अंग वस्त्र व 10-10 हजार रुपए की राशि देकर सम्मानित किया गया।

## डालसा सचिव व मजिस्ट्रेट ने किया बाल सुधार गृह का निरीक्षण

खबर मंत्र संवाददाता




लोहरदगा। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह डालसा अध्यक्ष अरविंद कुमार पाण्डेय के निर्देशानुसार गुरुवार को लोहरदगा डालसा सचिव राजेश कुमार एवं प्रधान मजिस्ट्रेट जूविनाइल जस्टिस बोर्ड जया स्मिता तिर्की ने गुमला स्थित संप्रेक्षण गृह का दौरा किया। गुमला संप्रेक्षण गृह में कुल 76 बच्चे बंद हैं। जिसमें गुमला के 41, सिमडेगा के 6 और लोहरदगा के 29 बच्चे शामिल हैं। लोहरदगा में बच्चों का संप्रेक्षण गृह नहीं होने के कारण गुमला में ही लोहरदगा के बच्चे संसीमित है। डालसा सचिव ने एक-एक कर बच्चों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं को जाना तथा प्रधान मजिस्ट्रेट ने भी बच्चों के केस के प्रगति के बारे में जानकारी दी। लोहरदगा जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तरफ से बच्चों को लैंगिक अपराध एवं नशापान मुक्ति संबंधित बातों की जानकारी दी गई। जिसमें नशापान के दुष्परिणाम एवं पोक्सो जैसे गंभीर अपराध में हालिया सर्वोच्च न्यायालय के उस निर्णय की जिक्र किया गया। जिसमें एक बच्चे को एक लड़की का वीडियो वायरल करने के कारण सुप्रीम कोर्ट तक ने जमानत देने से इनकार कर दिया। आज के कार्यक्रम में सुपरिटेंडेंट अविनाश कुमार एवं प्रोबेशनर ऑफिसर कन्हैया सोनी, वार्डेन सीता कुमारी भी उपस्थित रहे।

## भंडरा : बकाया बिजली बिल उपभोक्ताओं का लाइन काटने का अभियान शुरू



भंडरा। भंडरा प्रखंड क्षेत्र में वैसे बिजली उपभोक्ताओं का लाइन बिजली विभाग द्वारा काट दिया जा रहा है जिनका बिल 10 हजार से अधिक बकाया है। यह अभियान प्रखंड क्षेत्र में एक सप्ताह से चलाया जा रहा है। बिजली विभाग के कर्मियों का कहना है कि यह अभियान अभी चलते रहेगा। जो उपभोक्ता 10 हजार रुपए से ज्यादा का बिल बकाया रखे हैं। वैसे सभी उपभोक्ताओं का बिजली लाइन काटने का आदेश कार्यपालक अभियंता द्वारा जारी किया गया है। आकाशी गांव में 15 उपभोक्ताओं का बिजली कनेक्शन काटा गया। इन सभी उपभोक्ताओं के पास 10 हजार से अधिक बिजली बिल का बकाया है। 15 उपभोक्ताओं के पास 3 लाख 26 हजार 371 रुपए का वाकया विभाग द्वारा बताया जा रहा है। उपभोक्ता अपने बकाया बिल जमा करने के बाद ही बिजली का उपयोग करें। बिजली काटने के बाद अगर कोई बिजली उपभोग करते हुए पकड़ा गया तो उन पर बिजली चोरी की प्राथमिक की दर्ज की जाएगी। इस अभियान में कुशल किंडो, प्रकाश द्वीप, जमुवंत प्रजापति, सुचिंद्र प्रजापति सहित अन्य बिजली कर्मी उपस्थित थे।

## गौतम के परिवारों से मिले सुखदेव, बंधाया ढाढ़स



लोहरदगा। राजी पड़हा प्रार्थना सभा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष गौतम उरांव का आकस्मिक निधन हो गया। वे कुछ दिनों से बीमार चल रहे थे। कांग्रेस प्रत्याशी सुखदेव भगत चुनाव कार्य हेतु लोहरदगा जिला से बाहर थे। लोहरदगा आते ही सुखदेव भगत गुरुवार की स्व गौतम उरांव के घर तोड़ार सरना टोली पहुंचकर उनके परिजनों से मिलकर अपनी ओर से गहरी संवेदना प्रकट करते हुए कहा कि गौतम उरांव का समाज के प्रति उनके द्वारा किए गए कार्यों को बुलाया नहीं जा सकता है। समाज को आगे बढ़ाने में उन्होंने बहुत कार्य किए थे। भगत ने परिवार से कहा कि वे इस दुख के घड़ी में आपके साथ खड़ा हैं। मौके पर शोक ब्यक्त करने वालों में कांग्रेस नेता आलोक कुमार साहू, अमित उरांव भी शामिल थे।

## विद्या मंदिर में वेश-बस्ता प्रतियोगिता का आयोजन

खबर मंत्र संवाददाता



लोहरदगा। शीला अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर में कक्षा षष्ठ से दशम तक के भैया बहनों के बीच वेश-बस्ता प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की प्रमुख आचार्या नीलिमा सिंह ने प्रधानाचार्य के दिशा निर्देशन में आचार्यों की एक टीम गठित करके इस प्रतियोगिता की व्यवस्था को संपादित करने में अपना अहम योगदान दिया। इस प्रतियोगिता का विद्यार्थियों में एक सकारात्मक प्रभाव पड़ा। मौके पर प्रधानाचार्य बिपिन कुमार दास ने कहा कि-वेश-बस्ता प्रतियोगिता स्वच्छता को व्यवस्थित रखने की दृष्टि से विद्यार्थियों के लिए अत्यंत आवश्यक है। इससे उनमें अनुशासन का भाव जागृत होता है और अपनी पाठ्य सामग्रियों को व्यवस्थित और सुसज्जित करने की प्रेरणा मिलती है। अपने गृह कार्य और कक्षा कार्य को पूर्ण करने में भी इससे सहायता मिलती है। सभी कक्षाचार्य इस प्रतियोगिता को संपादित करने में तत्पर रहे। इस प्रतियोगिता में कक्षा षष्ठ से दशम तक क्रमशः शौर्य शर्मा, अंकित कुमार प्रजापति, परी कुमारी, सत्यम साहू, शौर्य कुमार साहू, सुरभि उरांव, हंस बाल किशोर, विवान कुमार, अंशु मिश्रा, शिवम कुमार साहू, तेजस प्रतीक भगत, प्रिया कुमारी, रवि कुमार गुप्ता और कृष्णा खेरवार प्रथम स्थान पर रहे। वेश-बस्ता प्रतियोगिता में प्रथम ,द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करनेवाले छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र एवं पुरस्कार प्रदान करके सम्मानित किया गया।

## चितरीअंबा टोली पहुंचे सुखदेव भगत बचाव व राहत कार्य का लिया जायजा



सेन्हा। प्रखंड के अंतर्गत चितरी अम्बा टोली में सिंचाई कूप निर्माण के दौरान 11:00 बजे मिट्टी धसने से चार मजदूर दब गए हैं। इस बात की जानकारी मिलते ही लोहरदगा इंडिया गठबंधन के कांग्रेस प्रत्याशी सुखदेव भगत चितरीअंबा टोली पहुंचकर राहत एवं बचाव कार्य का जायजा लिया। मौके पर उपस्थित ग्रामीणों को संयम रहने की सलाह दिए। मौके पर ग्रामीणों ने भगत से बचाव एवं राहत कार्य में तेजी लाने के लिए पोकलेन से कार्य करने की बात कही। मौके पर उपस्थित अनुमंडल पदाधिकारी से भगत ने वार्ता कर पोकलेन उपलब्ध कराने का आग्रह किया। अनुमंडल पदाधिकारी ने कहा कि प्रशासन पूरी मुस्तैदी के साथ बचाव एवं राहत कार्य में लगी है। चार जेसीबी से मिट्टी खुदाई हो रहा है तथा पोकलेन को भी मंगाया जा रहा है। भगत ने कहा कि सभी स्वस्थ एवं जीवित रहे यही ईश्वर से कामना करता हूं।

## वृद्ध ने फांसी लगा की आत्महत्या

सेन्हा-लोहरदगा। मुर्की ग्राम में वृद्ध ने अपने ही घर में फांसी लगा किया जीवनलीला समाप्त कर लिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर अग्रतर कारवाई में जुट गई। मामला लोहरदगा जिला अंतर्गत सेन्हा थाना क्षेत्र के मुर्की निवासी स्व पचुवा मुंडा के 69 वर्षीय पुत्र सुरेश मुंडा अपने घर के समीप झोपड़ी के बांस में फांसी का फंदा बना कर देर रात आत्महत्या कर लिया। पुत्र अनिल मुंडा ने पुलिस को जानकारी देते हुए कहा कि पूर्व से लकवा ग्रसित होने के कारण मानसिक संतुलन खो देता था। साथ ही कहा कि जब जब शराब का सेवन करते थे तो उनका मानसिक स्थिति ज्यादा खराब हो जाता था और घर मे शोर गुल करने लगते थे। बताते हुए कहा कि बुधवार रात्रि 11 बजे काम कर घर लौटे तो मेरे पिता सुरेश मुंडा मां के साथ शोर गुल कर रहे थे। उसके बाद कुछ समय के लिए शांत हो गए तो हमलोग खाना खा कर सो गए। सुबह मां ने आवाज लगाई बेटा दरवाजा खोला तो मेरा छोटा भाई तथा मेरी बेटी निकल कर मां के दरवाजे के पास पहुंचा तो बाहर से दरवाजा का कुंडी लगा हुआ था। जिसको खोलते ही झोपड़ी में नजर पड़ा जहां मेरे पिता फांसी लगा आत्महत्या कर लिए थे।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

# तीसीया हुटाप गांव में शिव मंडा पूजा का आयोजन

## जिला परिषद सदस्य संदीप कुमार के द्वारा फूलखुन्दी एवं रंगारंग ठेठ नागपुरी कार्यक्रम का उद्घाटन

खबर मंत्र संवाददाता



किस्को लोहरदगा। जिले के किस्को प्रखंड क्षेत्र के पाखर पंचायत के तिशिया गांव में हर साल की भांति इस वर्ष भी शिव मंडा पूजा समिति के तत्वाधान में बुधवार रात्रि में फूलखुन्दी एवं रंगारंग ठेठ नागपुरी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप जिला परिषद सदस्य संदीप कुमार के द्वारा फीता काटकर कार्यक्रम को भव्य रूप से उद्घाटन किया गया। इस दौरान मुख्य अतिथि संदीप कुमार को बैच पहना कर स्वागत किया गया। जिसके बाद कार्यक्रम में गायक राजेश गोप के द्वारा वंदना गीत प्रस्तुत कर कार्यक्रम का शुरूआत किया गया। गायिका बिंदेश्वरी देवी सहित एक से बढ़कर एक कलाकारों ने रंगारंग गीत प्रस्तुत कर दर्शकों का मनमोह लिया। वही कार्यक्रम में डांस प्रस्तुत भी किया गया। जिसमें दर्शकों ने जमकर उठाया आनंद। वही कार्यक्रम में दर्शकों का उमड़ी जैनसलाब इधर फुलखुन्दी के कार्यक्रम में दर्जनों भक्ता ने जलती हुई आग में नंगे पांव में चलकर भक्ता ने दिखाया एक अद्भुत नजारा। वही फुलखुन्दी कार्यक्रम में मुख्य पुजारी उत्तम पाठक के द्वारा पूजा संपन्न हुआ। मौके पर पंचायत समिति सदस्य वीरेंद्र उरांव,पूजा समिति के संरक्षक मदन प्रसाद साहू, सुरेश लोहार, राजू गुप्ता, विजय सिंह, मनोज ठाकुर, कुंवर सिंह, मनोज उरांव, आदित्य शाही, इसके अलावा पूजा समिति के पदाधिकारी अध्यक्ष बंधु भगत, उपाध्यक्ष उज्जवल पाठक, सचिव राजेंद्र यादव, कोषाध्यक्ष बैजनाथ प्रसाद साहू, अवधेश राय, सक्रिय सदस्य, उदय राय, संजय यादव, राजेश गुप्ता, रामकिसुन साही, नीतीश कुमार राय, आनंद बैठा, महेंद्र मुंडा, चंदन बैठा, निरंजन बैठा, अखिलेश्वर मुंडा, रितेश लोहार, ललित उरांव, तरुण सिंह, भोला लोहार, सुनील मुंडा, प्रदीप लोहार, बिटू गुप्ता, सोमरा लकड़ा, कार्तिक मुंडा, अभिषेक ठाकुर, लालू उरांव, अजय सिंह, अरविंद ठाकुर, छठन ठाकुर, शिवनाथ ठाकुर उर्फ शिबू व अन्य लोगों ने कार्यक्रम को सफल बनाने में निभाई अपना अहम भूमिका।

# भगवान बुद्ध के विचार आज भी प्रासंगिक : बिपिन कुमार दास

**विद्या मंदिर में बुद्ध पूर्णिमा पर कार्यक्रम का आयोजन**

खबर मंत्र संवाददाता




लोहरदगा। शीला अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर लोहरदगा में बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर भगवान बुद्ध की जयंती का आयोजन किया गया। प्रधानाचार्य बिपिन कुमार दास एवं अन्य आचार्यों ने गौतम बुद्ध के चित्र पर पुष्पार्चन एवं दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता विद्यालय के आचार्य विष्णु दत्त पांडेय ने अपने संबोधन में कहा कि-₹भगवान गौतम बुद्ध ने संपूर्ण मानव समाज को सत्य अहिंसा और अपरिग्रह का संदेश दिया। संसार की नश्वरता का बोध मानव को पाप कर्म से बचाता है।

अपने मन को स्वच्छ एवं एकाग्र करके परम सत्य तक पहुंचा जा सकता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे विद्यालय के प्रधानाचार्य बिपिन कुमार दास ने अध्यक्षीय उद्बोधन देते हुए कहा कि₹-भगवान बुद्ध के संदेश आज भी प्रासंगिक हैं।

बुद्ध की करुणा मानवता का सदा पथप्रदर्शन करती रहेगी। मंच संचालन वीणा तिवारी ने किया। इस अवसर पर विद्यालय के सभी आचार्य आचार्या एवं भैया बहन उपस्थित थे।

# 31 जुलाई तक ई-केवाईसी नहीं कराया तो गैस कनेक्शन हो जायेगा बंद

**भारत पेट्रोलियम मंत्रालय के आदेशानुसार गैस कनेक्शनधारी केवाइसी एवं बायोमेट्रिक नहीं कराने पर गैस कनेक्शन हो जाएगी बंद**

खबर मन्त्र संवाददाता

**बारियातु।** प्रखंड मुख्यालय स्थित भारत गैस एजेन्सी ग्रामीण वितरक के संचालक मुंसी साव ने सभी गैस कनेक्शनधारी उपभोक्ताओं को भारत गैस पेट्रोलियम के आदेशानुसार सूचना जारी किया है। उन्होने ग्राहकों को सूचित करते हुए कहा कि भारत पेट्रोलियम मंत्रालय के निदेर्शानुसार सभी गैस कनेक्शनधारी आप अपना आधार कार्ड एवं गैस कनेक्शन का पासबुक लेकर ऑफिस में जाकर अपना अंगूठा लगाकर ई-केवाईसी अवश्य करवा लें। बायोमेट्रिक नहीं करने पर 31 जुलाई के बाद गैस कनेक्शन बंद हो जाएगी। जिसका जिम्मेवारी गैस कनेक्शन उपभोक्ता होंगे। अपना गैस कनेक्शन में अपना मोबाइल नंबर जुड़वाने का कृपा करें। गैस बुकिंग नंबर 7718912345 मे कॉल करने के बाद 1-1 दो बार दबाए और 771095555 मे मिस्ड कॉल करें। 1800224344 पर व्हाट्सप से बुकिंग करें। जिस कनेक्शन धारी को 5 वर्ष हो गया है। उसके यहां गैस एजेंसी की तरफ से उसके यहां स्टाफ भेजा जा रहा है। जांच के लिए आप अपना जांच सुरक्षा पूर्ण करवा ले। साथ ही गैस कनेक्शन का पाइप चेंज किया जाएगा जो 190 वाला पाइप आप सभी को 150 में दिया जाएगा। इसके अलावा और कोई भी चार्ज नहीं लगेगा। उज्जवला कनेक्शन वाले कम से कम 3 महीने में एक बार गैस भरवाए। जिस कंपनी का गैस कनेक्शन है इस गैस एजेंसी से गैस भरवा अगर आप ऐसा नहीं करते हैं और आपके यहां कोई घटना होता है तो उसका जिम्मेवार स्वयं होंगे। विशेष जानकारी के लिए गैस एजेंसी ऑफिस में इस नम्बर 9934770094, 6299424810 मे संपर्क करके बारियातू ब्लॉक रोड मिडील स्कूल के सामने गैस एजेंसी में आकर संपर्क कर सकते हैं।


जानकारी देते संचालक

## खबर एक नजर में

### अपने रीति रिवाज को बचाने के लिए टाना भगत समुदायों ने

# हवन कर बिरसा मुंडा से लिया आशीर्वाद


पुजा करते लोग

खबर मन्त्र संवाददाता

**लातेहार।** बृहस्पतिवार को भूसुर पंचायत के कुमाड़ ग्राम में टाना भगत समुदाय के द्वारा पुरखों से चले आ रहे रीति रिवाज को बचाने को लेकर पूरे रीति रिवाज के साथ तीन दिवसीय हवन एवं जग पूजा का आयोजन किया गया।

जहां इस पूजा में लातेहार जिले के पांच प्रखंड के टाना भगत समुदाय के बुद्धिजीवि उपस्थित रहे। इस दौरान युवा संगठन अध्यक्ष सुमेज टाना भगत ने लोगों को संबोधित किया। मौके पर लातेहार जिला अध्यक्ष राजेद्र टाना भगत, युवा संगठन के जिला अध्यक्ष सुमेज टाना भगत, पंकज भगत, रामधारी भगत, इंद्रदेव टाना भगत, रामदयाल भगत, सरुहली भगत, मनोज भगत, दिनेश भगत, पुनम भगत, पिंटू भगत, बसदेव भगत, सुमन भगत समेत कई लोग उपस्थित थे।

### एनएच-75 मार्ग व कई विद्यालयों को जोड़ने वाली

# सरोजनगर मार्ग की स्थिति दयनीय, सड़क जीर्णोद्धार की मांग


जर्जर सड़क

खबर मन्त्र संवाददाता

**चंदवा।** एनएच 75 रांची-मेदिनीनगर मुख्य मार्ग व चंदवा प्रखण्ड के 4 बड़े विद्यालयों को जोड़ने वाली सरोज नगर पथ की स्थिति काफी दयनीय हो गयी है। खीस्त राजा विद्यालय (मिशन स्कूल) बाउंड्री से लेकर हाई स्कूल तक पथ कई स्थानों पर टूट गया है साथ ही लंबे समय तक पानी के पानी सड़क पर बहने व हर घर नल जल योजना के लिए पाइप बिछाने के लिए सड़क किनारे खुदाई किये जाने के बाद सड़क की स्थिति और दयनीय हो गयी है। स्थानीय लोगो ने बताया कि उक्त मार्ग होते खीस्त राजा विद्यालय, ग्रीन फील्ड एकेडमी, प्लस टू हाई स्कूल, बालिका उच्च विद्यालय के हजारों छात्र-छात्राएं स्कूल आते-जाते हैं, साथ दिन भर बाइक समेत छोटे बड़े वाहन गुजरते रहते है। ऐसे स्थिति में सड़क खराब होने के कारण बाइक सवार कई बार असंतुलित होकर गिरकर चोटिल भी हुए हैं। स्थानीय लोगो ने कहा कि प्रखण्ड मुख्यालय के महज चंद कदमो की दूरी पर उक्त मार्ग होने के बाद इस ओर प्रशासन का ध्यान नही जाना प्रशासनिक उदासीनता को दशार्ती है। प्रशासन को पथ जीर्णोद्वार के लिए तत्काल पहल करना चाहिए।

## बालूमाथ में बारिश होने से गर्मी से मिली राहत


झमाझम होता बारिश

**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखंड मुख्यालय में गुरुवार को करीब दो घंटे तक जमकर बारिश हुई। जिससे मौसम खुशनुमा हो गया और लोगो को उमस भरी गर्मी से निजात मिल गया।

बीते कई दिनों से बालूमाथ का तापमान 38 डिग्री सेल्सियस से पार हो गया था। जिससे भीषण गर्मी शरीर को झुलसा रही थी। गुरुवार दोपहर एक बजे यक तीन बजे तक जमकर बारिश हुई।

बारिश होने के कारण ठंडी हवा के चलते लोगों को राहत मिली। वही कृषि वैज्ञानिक डॉक्टर सुनीता के अनुसार यह बारिश का फायदा किस अगर चाहे तो उठा सकते हैं। अपने खेतों की जुताई करेंगे तो आने वाले दिनों में फसल उपजाऊ में लाभदायक होगा।

वही खेतो में लगे हरा सब्जी भिंडी, नेनुआ, खीरा, कद्दू को पटवन करेंगे एवं लाभकारी होगा।

# ब्रह्मभोज कार्यक्रम में विधायक रामचंद्र सिंह हुए शामिल


संतावना देते विधायक रामचंद्र सिंह

खबर मन्त्र संवाददाता

**बेतला।** कुटमु निवासी रामनाथ साहू करीब 80 वर्ष जिनका मेदिनीनगर में हाईवे की चपेट में आने से गंभीर रूप से घायल हो गए थे। जो ईलाज के दौरान मौत हो गई थी। बृहस्पतिवार को ब्रह्मभोज कार्यक्रम में मनिका विधायक रामचंद्र सिंह शामिल हुए एवं पीड़ित परिवार को सांत्वना दिए। इसके साथ ही परिजनों को अश्वस्थ कराया की सड़क दुर्घटना के तहत जो भी मुआवजा मिलता है। उसे सरकारी प्रावधान के तहत दिलवाया जाएगा एवं हर संभव पीड़ित परिवार को मदद की जाएगी। मौके पर रणविजय सिंह, पूर्व उप मुखिया राघोशरण सिंह, उप मुखिया पति प्रमोद रजक,कमलेश प्रजापति, प्रभु प्रसाद,शंभूनाथ प्रसाद, निरंजन प्रसाद, बिकी प्रसाद, विवेक प्रसाद,समेत कई लोग मौजूद थे।

# सड़क सुदृढ़ीकरण कार्य में सड़क किनारे के पेड़-पौधों को पहुंचाया जा रहा है नुकसान

**हुटाप में हो रहा है मुख्यमंत्री सड़क सुदृढ़ीकरण कार्य, सड़क किनारे लगे पेड़ो के पास से उठायी जा रही मिट्टी, जड़ो को भी हो रही क्षति**

खबर मन्त्र संवाददाता

**चंदवा।** प्रखण्ड के हुटाप पंचायत अंतर्गत मुंगरदहा नदी से लेकर भादई टांड भाया तुरवा तक हो रहे मुख्यमंत्री सड़क सुद्दढ़ीकरण कार्य मे सड़क किनारे लगे पेड़ पौधों का ध्यान बिल्कुल भी नही रखा जा रहा है। सड़क किनारे लगे पेड़ पौधों का बिना ख्याल रखे पेड़ पौधे के जड़ के पास से मिट्टी काट कर कर सड़क के ऊपर बिछाने का काम जारी है। इस दौरान पेड़ के जड़ो को भी काट दिया जा रहा है। जिससे वन संपदा को भारी नुकसान उठाना पड़ सकता है। बताते चले की उक्त निर्माण कार्य एनएच-75 स्थित चंदवा थाना क्षेत्र अंतर्गत मुगल दाहा नदी पुल से हुटाप पंचायत के भदईटांड तुरवा गांव तक किया जाना है। इसका शिलान्यास लोकसभा चुनाव के निमित अचार संहिता लगने से ठीक पहले किया गया था। जिसके बाद से निर्माण कार्य शुरू है। निर्माण कार्य के दौरान कई बड़े पेड़ को भी निर्माण से नुकसान पहुंच रहा है। संवेदक के लोग यहां काम करवा रहे हैं, उन्हें सिर्फ सड़क निर्माण की पड़ी है। पेड़ पौधे को हो रहे नुकसान से उन्हें कोई लेना-देना नहीं है। दूसरी ओर उक्त पेड़ पौधे वन विभाग अंतर्गत आते हैं लेकिन वन विभाग भी चीरनिंद्र में सोयी हुई है।


पेड़ के जड़ के पास से खोदी गयी मिट्टी

# चार दिवसीय कार्यशाला में शामिल हुए संत क्लारेट स्कूल के शिक्षक


कार्यशाला में शामिल शिक्षक

खबर मन्त्र संवाददाता

**बरवाडीह।** बरवाडीह प्रखण्ड के लेदगाई में संचालित सीआईएससीई से मान्यता प्राप्त संत क्लारेट पब्लिक स्कूल में कार्यरत शिक्षकों के लिए बेंगलोर में 21 से 24 मई तक चार दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में बरवाडीह के साथ देश के विभिन्न हिस्सों से दर्जनों स्कूल के शिक्षकों ने हिस्सा लिया। कार्यशाला के माध्यम से जहां देश की वर्तमान शिक्षा पद्धति के साथ-साथ विभिन्न विषयों पर विशेषज्ञों की भागीदारी से शिक्षकों को नवीनतम शिक्षण तकनीकों और मार्गदर्शन का अवसर मिला।

कार्यशाला के माध्यम से शिक्षक एक-दूसरे से शिक्षा पद्धति के प्रति अपने अनुभव और ज्ञान को साझा करते हुए जो उनके शिक्षण कौशल में वृद्धि करने को लेकर कई जानकारी प्राप्त किए। स्कूल के प्रिंसिपल फादर जार्ज ने बताया कि संस्था के माध्यम से प्रत्येक वर्ष उत्कृष्ट शिक्षकों का कार्यशाला के माध्यम से प्रशिक्षण दिलाने का कार्य किया जाता है, ताकि देश की बेहतर शिक्षा पद्धति से जुड़ते हुए कई अनुभव और कार्यशेली की प्राप्ति हो सके। जिसके बाद शिक्षक और बेहतर तरीके से अपने स्कूल के बच्चों को पढ़ा सके।

वहीं स्कूल की शिक्षिका नेहा शर्मा, नेहा रानी, रश्मि, नीरज समेत अन्य ने कार्यशाला को लेकर खुशी जारी की ओर बेहतर शिक्षा पद्धति से जुड़ने को लेकर स्कूल प्रबंधन का सार्थक पहल भी बताया।

# गणपति स्वीट्स नामक दुकान का हुआ उद्घाटन


उद्घाटन करते संचालक की मां

खबर मन्त्र संवाददाता

**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखंड मुख्यालय स्थित मोबाइल गैलेक्सी के सामने गणपति स्वीट्स नामक दुकान का उद्धाटन दुकान संचालक की मां ने फीता काटकर किया। मौके पर जानकारी देते हुए दुकान संचालक राजीव रंजन ने बताया कि उनका दुकान पहले भी प्रखंड मुख्यालय के शेरगढा रोड में स्थित है। यह दूसरा ब्रांच है। गणपति स्वीट्स वर्षों से अच्छे क्वालिटी की मिठाई एवं नाश्ता खाने के लिए मशहूर है। शेरगढा रोड स्थित दुकान छोटा हो जाने के कारण ग्राहकों को असुविधा का सामना करना पड़ता था। जिसको देखते हुए ग्राहकों की डिमांड पर नई दुकान का उद्घाटन किया गया है। जिसमें स्वीट्स एंड रेस्टोरेंट दोनों साथ में रहेगा।

# हल्की बारिश में सड़क हुआ तालाब में तब्दील

### आसपास रहने वाले ग्रामीणों समेत राहगीरों के लिए बनी मुसीबत


सड़क बना तालाब

खबर मन्त्र संवाददाता

**महुआडांड़।** महुआडांड़ प्रखंड मुख्यालय स्थित पीपल चौक से भंडार मोहल्ला जाने वाली सड़क सिर्फ एक दिन की ही बारिश में तालाब में तब्दील हो गई है। जो की आसपास रहने वाले ग्रामीणों समेत राहगीरों के लिए मुसीबत बन गई है। विशेष कर आसपास रहने वाले बच्चों के लिए सड़क के गड्ढो में भरा हुआ पानी जानलेवा साबित हो सकता है। इस संबंध में स्थानीय लोगों ने चिंता जाहिर करते हुए बताया कि आए दिन यहां दुर्घटना होती रहती है। वर्षों से यही स्थिति बनी हुई है। स्थानीय लोगों के द्वारा पानी के निकासी के लिए पूर्व में भी कई प्रयास किया जा चुके हैं। लेकिन कुछ स्वार्थी लोगों के द्वारा यह कह कर कि हमारे रैयती जमीन में पानी आ रहा है रोक दिया गया। लेकिन हाल के मापी में यह स्पष्ट हो चुका है कि पानी निकासी के लिए जगह बनाने में किसी भी रैयत की भूमि अधिग्रहित नहीं होगी।

स्थानीय पूर्व वार्ड सदस्य अशोक प्रसाद बताते हैं कि पूर्व में भी अनुमंडल पदाधिकारी एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी को इस संबंध में आवेदन दिया जा चुका है, लेकिन अभी तक इस पर कोई सुधार नहीं हुआ। इस सड़क पर सिर्फ एक सरकारी चापानल है। जो की पूरी तरह सड़क में भरे किचड़ व पानी में डूब गया है।जिससे यहां पानी के लिए भी लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय निवासी निरंजन जायसवाल बताते हैं की बाजार आने-जाने के लिए इसी सड़क का प्रयोग होता है। कई बार लोगों के मोबाइल एवं बाजार से लाई जाने वाली चीजें इस सड़क में बर्बाद हो चुकी है। जिससे लोगों का आर्थिक नुकसान भी हो रहा है। लोगों ने उपायुक्त लातेहार से सड़क की मरम्मती समेत नाले के निर्माण की मांग की है।

